e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 238
सुविचार
एकाग्रता से ही विजय मिलती है।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
30.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 238
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
30.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
एकाग्रता से ही विजय मिलती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### शशि थरूर ने पीएम मोदी को लेकर दिया था विवादित बयान, दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका

**नई दिल्ली** : दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर एक टिप्पणी की थी. इसको लेकर बीजेपी नेता ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा कर दिया था. इसे शशि थरूर ने कोर्ट में चुनौती दी थी. थरूर ने ट्रायल कोर्ट के 2019 के आदेश को रद्द करने की मांग की थी जिसके तहत उन्हें आरोपी के तौर पर तलब किया गया था और 2 नवंबर, 2018 की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी. हाई कोर्ट ने 16 अक्टूबर, 2020 को आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था. साथ ही पक्षों को 10 सितंबर को निचली अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था. जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा,कार्यवाही रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है.

### किसानों के मुद्दों पर अपनी पार्टी में घिरी कंगना

**नई दिल्ली** : भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की किसान आंदोलन पर बयान के बाद बीजेपी की किसी बड़े नेता से कंगना की ये पहली मुलाकात थी। कंगना ने इस हफ्ते की शुरुआत में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन पर टिप्पणी की थी, उनकी इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया था। अब पार्टी के ओर से उन्हें आगे ऐसा बयान न देने के लिए सख्त हिदायत दी गई है।मंडी सांसद ने सोमवार को एक हिंदी दैनिक के साथ अपने साक्षात्कार की एक क्लिप पोस्ट की थी जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि देश के मजबूत नेतृत्व के बिना भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए मिलेंगे 15 हजार रुपए

**लखनऊ** : योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। अनुदान राशि में इस वृद्धि से अब प्रदेश के दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार रुपए के अनुदान की व्यवस्था थी। योगी सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपए करने का निर्णय लिया है।

### देश विदेश के फिल्मकार बच्चों से हुए रूबरू, हजारों बच्चों ने देखी फिल्में

**जयपुर** : देश विदेश से पधारे फिल्मकार, फिल्मकारों के साथ बैठकर फिल्में देखने का आनंद लेते बच्चे। फिर शुरू होता है सवाल जवाब का दौर। इस पर भी बच्चे कहां रुकने वाले हैं। अभिनेता-अभिनेत्रियों के पीछे ऑटोग्राफ के लिए दौड़ते बच्चे। टीचर उनको समझाते हुए। ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है आजकल शहर में सातवें आर्यन इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स फिल्म फेस्टीवल ऑफ़ जयपुर और सिक्सटीन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स के आयोजन के दौरान।इस दौरान वियतनाम से म्यूजिकल फिल्म ए फाजिल फ्लावर की स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान फिल्म की निर्देशक,निर्माता,अभिनेत्री माई थू हुएन और अमेरिका से निर्माता,अभिनेत्री जैकलीन थाओ गुयेन उपस्थित रही। बच्चों ने फ़िल्में खूब एन्जॉय कीं।

### के कविता की जमानत को लेकर सीएम रेवंत रेड्डी के बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता को मिली जमानत पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई है.सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार सुबह रेवंत रेड्डी के खिलाफ 2015 के कैश फॉर वोट मामले की सुनवाई तेलंगाना से बाहर ट्रांसफर करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि वो लंच के बाद आदेश पारित करेगा। जब दोपहर के बाद कोर्ट बैठी तो जस्टिस बीआर गवई ने तेलंगाना सरकार की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि देखिए उन्होंने क्या बयान दिया है। क्या एक जिम्मेदार मुख्यमंत्री से ऐसी अपेक्षा की जा सकती है। क्या हम कोई आदेश किसी राजनीतिक दल से सलाह लेकर पारित करते हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

झारखंड की राजनीति आज लेगा करवट, भाजपा व जेएमएम दिखाएंगे अपना-अपना दम

# चंपाई थामेंगे बीजेपी का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : कुछ दिनों से अंगड़ाई लेते-लेते कोल्हान की राजनीति आज करवट लेने वाला है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कोल्हान क्षेत्र से लगातार 35 वर्षों तक झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति करने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपई सोरेन को भाजपा में शामिल होने से कोल्हान की राजनीति में एक नए युग का उदय होगा। उनके स्वागत के लिए रांची में जबरदस्त तैयारी है। पुराने विधानसभा के पास शहीद मैदान में उनको भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत प्रदेश के कई नेता मौजूद होंगे। इसके बाद संभवतः कोल्हान में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के कई बड़े नेताओं के उपस्थित रहने की संभावना है. दरअसल,मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाए जाने के बाद से ही चंपाई सोरेन नाराज चल रहे थे.उन्होंने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर अपने दिल की बात साझा करते हुए कहा था कि उन्हें उनके ही पार्टी में अपमानित किया गया है.लिहाजा 3 जुलाई को ही उन्होंने तय कर लिया था कि अब इस पार्टी में नहीं रहेंगे.उन्होंने इशारों इशारों में सीधे तौर पर हेमंत सोरेन पर निशाना साधा था. इसके बाद रक्षाबंधन के दिन वह दिल्ली पहुंचे और 20 अगस्त को सरायकेला लौटने के बाद से कोल्हान में अपने समर्थकों का मिजाज टटोलते रहे. इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि वह या तो अपना संगठन खड़ा करेंगे या कोई साथी मिलेगा तो उसके साथ जुड़ जाएंगे.झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पहले मैंने सोचा था कि मैं संन्यास ले लूंगा। फिर मैंने सोचा कि नया संगठन बनाऊंगा लेकिन इसके लिए समय अभी कम है। बहुत मंथन करने के बाद मेरा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया और भाजपा में शामिल होने का हमने निर्णय ले लिया। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा भी शामिल होगा।चंपई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से पार्टी नेतृत्व पर खुद को अपमानित करने का आरोप लगाया था। पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि लगातार अपमानजनक व्यवहार से भावुक हो कर मैंने सियासत में नए विकल्प को अपनाने का फैसला किया है। चंपई ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा था कि लगातार अपमान और तिरस्कार के बाद उनके सामने राजनीति से संन्यास लेने, अपना संगठन खड़ा करने या नए साथी के साथ सफर करने का विकल्प बचा था। मेरे लिए विधानसभा चुनाव तक के सफर के लिए विकल्प खुले हुए हैं। अपमान और तिरस्कार के कारण मैं वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गया। पूर्व सीएम ने विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के कोल्हन क्षेत्र में अपने समर्थकों से मिले।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से रणनीति पर चर्चा भी की। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन को झारखंड का सीएम बनाया गया था। उन्होंने फरवरी से जुलाई तक सीएम के पद पर कार्य किया। वह 2005 से प्रत्येक चुनाव में विधानसभा के लिए चुने गए हैं। झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है।

## चंपाई की जगह लेंगे रामदास सोरेन



रांची- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम को मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद मंत्री पद खाली है। चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद उनकी जगह घाटशिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक रामदास सोरेन को मंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री की ओर से रामदास सोरेन को मंत्री के रूप में शपथ दिलाने के लिए राजभवन को पत्र भेज दिया गया है।शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 30 अगस्त को दिन के 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इधर, चंपई सोरेन भी इसी दिन औपचारिक तौर पर बीजेपी में शामिल होंगे। रामदास सोरेन ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए सीएम हाउस से फोन आया है। चंपई सोरेन के जिम्मे उच्च एवं तकनीकी शिक्षा और जल संसाधन विभाग थे। संभावना जताई जा रही है कि रामदास सोरेन को ये दोनों विभाग दिए जाएंगे।चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने से राज्य के कोल्हान प्रमंडल में सियासी समीकरण प्रभावित हो सकता है। ऐसे में उनकी जगह रामदास सोरेन को मंत्री बनाए जाने के फैसले को सियासी डैमेज कंट्रोल की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि 61 वर्षीय रामदास सोरेन भी चंपई सोरेन की तरह संथाल आदिवासी समाज से ताल्लुक रखते हैं और उनकी राजनीति भी कोल्हान प्रमंडल में केंद्रित रही है।रामदास सोरेन घाटशिला से दो बार विधायक चुने गए हैं। पहली बार 2009 में और दूसरी बार 2019 में विधायक बने। वह पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष भी हैं. रामदास सोरेन झारखंड आंदोलन में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने शिबू सोरेन और चंपई सोरेन के साथ आंदोलन किया है। यह पहला मौका है, जब रामदास सोरेन को सरकार में जगह मिलने जा रही है। 2019 विधानसभा चुनाव के बाद हेमंत सोरेन ने उन्हें जिला परिषद में अहम पद दिया था।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दाडेल ने कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहीद होने वाले अग्निवीरों के आश्रितों को झारखंड सरकार आर्थिक मदद देगी। अग्निवीर सैनिक की पत्नी और आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान 10 लाख और अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष डीके तिवारी की सेवा अगले एक साल तक या 65 वर्ष आयु में जो पहले हो बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। रांची के कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालय में छात्र बालों की वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में 16368 छात्र इन आवासीय विद्यालय में है।

इसे बढ़ाकर 37 हजार तक किया जाएगा।वित्त विभाग के अंतर्गत पीएएमयू में प्रोग्राम डायरेक्टर और एडिशनल डायरेक्टर के पद का सृजन होगा। राज्य सरकार के पुराना वेतन ले रहे कर्मियों का महंगाई भत्ता 230 प्रतिशत से 239 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ एक जुलाई 2024 से मिलेगा। राज्य के 3944389 बिजली उपभोक्ताओं जो 200 यूनिट तक बिजली माफी योजना का लाभ ले रहे थे उनका बकाया एरियर माफ कर दिया गया। इनका 3584 करोड़ रुपया बकाया था।झारखंड वक्फ नियमावली 2024 का गठन किया गया।सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन किया गया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मेयर और नगर आयुक्त को प्रशासनिक और अनुशासनिक अधिकार उनके लिए दिए गए और नगर परिषद नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष या कार्यपालक पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है। कोडरमा में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 42 पद का सृजन करने की स्वीकृति दी गई।

इसमें सालाना 3.61 करोड़ रुपये खर्च आने की संभावना है।कैबिनेट में आरओ वॉटर प्लांट के लिए नई पॉलिसी की भी मंजूरी दी गई।झारखंड राज्य अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की रूपरेखा बनाने के लिए मंजूरी दी गई।राज्य के सरकारी स्कूलों में 17986 रसोईया, सहायक को 10 माह की जगह 12 माह का मानदेय मिलेगा।

## देश के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : गौतम अडानी की नेटवर्थ पिछले साल 95त्न बढ़कर 11.6 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिससे उन्हें मुकेश अंबानी की जगह सबसे अमीर भारतीय बनने में मदद मिली। 2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अंबानी की कुल नेटवर्थ 25त्न बढ़कर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई। 2023 की रिपोर्ट में अदाणी की संपत्ति 57त्न घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई और अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ काफी आगे रहे. अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए कई आरोपों के बाद अदाणी की नेटवर्थ में तेजी से गिरावट आई है लेकिन समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया है। 2014 के एडिशन में, हुरुन ने अदाणी की संपत्ति 44,000 करोड़ रुपये आंकी थी, जिसने उन्हें तब, दसवां सबसे अमीर भारतीय बना दिया था। एचसीएल के शिव नाडर और उनका परिवार 2024 में 3.14 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक स्थान के फायदे के साथ तीसरे सबसे अमीर बन गए, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 2.89 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए। सन फार्मास्यूटिकल्स के दिलीप सांघवी ने 2.50 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ पिछले साल छठे स्थान के मुकाबले पांचवां सबसे अमीर का टैग हासिल करते हुए लिस्ट में अपनी बढ़त जारी रखी।

फुटबॉल मैदान मे खेल के दौरान हुआ वज्रपात

## दो खिलाड़ियों की मौत, 11 घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ** : एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के इटके ग्राम स्थित मदरसा शमशान घाट के मैदान में गुरुवार को फुटबॉल मैदान में हुए बज्रपात से दीपक कुमार पिता रमेश साव ग्राम कोईद सोपारान थाना टंडवा एवं वीरेंद्र गंझु पिता रमोदी गंझु ग्राम बरनी थाना बरियातू निवासी की मौत हो गई। वही करन गंझु, नागेश्वर गंझु, बबन गंझु, पिंटू गंझु, गोपाल गंझु, महेंद्र गंझु,लालमोहन गंझु, पिंकू गंझु, शिवशंकर गंझु, सभी ग्राम बारीखाप थाना बरियातू, दीपक गझू, डब्लू गझू, ग्राम हरदिया घायल हो गए। फुटबॉल मैच खेल रहे अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र कुमार द्वारा दीपक कुमार एवं वीरेंद्र गंझु को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बरीखाप एवं लेड़ाई ग्राम के बीच फुटबॉल मैच खेला जा रहा था। इसी बीच मैच के दौरान पेनल्टी शूट मारा जा रहा था। ज्यो ही पेनल्टी शूटआउट समाप्त हुआ, इसी बीच बज्रपात हो गया। इस वज्रपात से इटके ग्राम निवासी अख्तर मियां का एक दुधारू गाय की भी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। बालूमाथ एसडीओपी आशुतोष कुमार सत्यम ने बालूमाथ सीएचसी पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लिया।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जुड़े मामले में 834 करोड़ की संपत्ति कुर्क



एजेंसी

**नई दिल्ली :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सख्त एक्शन लिया है। दरअसल ईडी ने हुड्डा, एमार और एमजीएफ डेवलपमेंट लिमिटेड सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 834 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। बता दें कि गुरुग्राम और दिल्ली के 20 गांवों में ये संपत्तियां हैं। आरोप है कि एमआर एमजीएफ भूपेंद्र सिंह हुड्डा और डायरेक्टर डीटीसीपी त्रिलोक चंद गुप्ता के साथ मिलकर इन इलाकों में सस्ते दामों में जमीन हथिया ली थी। इस कारण न केवल उन लोगों को नुकसान हुआ, जिनकी जमीनें हड़पी गई, बल्कि सरकार को भी नुकसान झेलना पड़ा। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए ईडी ने एम्मार इंडिया लिमिटेड की 501.13 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। वहीं मेसर्स एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड की 332.69 करोड़ रुपये की कीमत की 401.65479 एकड़ में फैली अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। हरियाणा और दिल्ली के 20 गांवों में कुर्क की गई संपत्तियां स्थित हैं। साथ ही एम्मार इंडिया लिमिटेड और एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड दोनों पर ही गुरुग्राम के सेक्टर 65 और 66 में आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी के लिए डीटीसीपी से मिले लाइसेंस के मद्देनजर मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि सीबीआई द्वारा दायर एफआईआर के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय इस मामले की जांच कर रही है।

अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

## मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार ने व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए पिछले 4 वर्षों में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की है।नियुक्तियों का यह सिलसिला लगातार जारी है। आज राज्य सरकार 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को राज्य के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापित कर रही है। सभी नवनियुक्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स आज से राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। नवनियुक्त सभी सीएचओ राज्य सरकार की एक ऐसी कड़ी बन रहे हैं, जहां उनके कंधों पर स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारियां रहेंगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य सरकार की व्यवस्था को आम जनमानस तक सुगमता पूर्वक इन्हीं के माध्यम से ही पहुंचाया जाना है ,अतएव स्वस्थ झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका अहम होगी।मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सांकेतिक रूप से 5 सीएचओ को नियुक्ति पत्र सौंपा।

**हजारों की संख्या में हुई नियुक्तियां**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज लगभग 365 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की नियुक्त हो रही है। इससे पहले हमलोगों ने पशु चिकित्सकों, चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। लैब असिस्टेंट की भी नियुक्ति की है।पहली बार फॉरेंसिक लैब के लिए साइंटिस्ट की नियुक्ति की गई है। आयुष चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों सहित ए-ग्रेड नर्स की भी नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनौती भरे वक्त में भी उनकी सरकार ने कृषि अधिकारी की नियुक्ति, हॉर्टिकल्चर में पदाधिकारी की नियुक्ति, पंचायत सचिव की नियुक्ति, लिपिक की नियुक्ति, लेखपाल की नियुक्ति, टीचर की नियुक्ति, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि हजारों नियुक्तियां हुई हैं और कई नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

## भाजपा नेता अर्जुन राम ने किया खलारी का दौरा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता सह जनजाति सुरक्षा परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम ने बुधवार को खलारी का दौरा किया. अर्जुन राम का स्वागत खलारी चौक पर कार्यकर्ताओं ने किया.उन्होंने खलारी प्रखंड के तुमांग पंचायत सहित अन्य जगहों का दौरा किया और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा उसे हल करने की दिशा में हर सम्भव कोशिश करने का वादा किया.अर्जुन राम ने लोगों से कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार अपने झूठे वादे करके सत्ता हासिल की है.चुनाव से पहले सत्ताधारी दलों ने अपने घोषणा पत्र में अनेक लोकलुभावन वादे की थी. लेकिन सत्ता मिलते ही अपने वादे से मुकर गयी.अर्जुन राम ने कहा कि इस सरकार को अपने वादों और विकास से कुछ लेना देना नहीं है.यह सरकार सिर्फ झारखंड को लूटने में व्यस्त है.आज इस सरकार में सबसे ज्यादा आदिवासी और दलित समाज के लोग ही पीड़ित है. राज्य में आदिवासी और दलित महिलाओं के साथ दुष्कर्म तथा उनकी हत्या जैसी जघन्य अपराध को अंजाम दिया जा रहा है और हेमन्त सोरेन की सरकार चुप है. राज्य में विकास के लिये भाजपा सरकार जरूरी है इसलिए अभी से ही सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लग जाये.इस मौके पर प्रदीप सिंह, भाजपा युवा नेता शहदेव महली, मुखिया संतोष महली, मनोज साव, अमर साव, मनोज भुईया, अमर साव, राजेशगंझू,राजेश गंझु शामिल थे.

## बेड़ो प्रखंड के उपमुखियाओं ने किया झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के मांग का समर्थन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय बेड़ो के सभागार में गुरूवार को बेड़ो प्रखंड के मुखिया और उपमुखियाओं का बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित उपमुखियाओं ने झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के पांच सूत्री मांगों का समर्थन किया। साथ ही 29 अगस्त से मुखिया संघ के मांगों के समर्थन में कलबंद हड़ताल पर जाने का घोषणा किये। ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित अन्य मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चित कालीन कलबंद हड़ताल में है, साथ ही जाकिर हुसैन पार्क के समीप धरना प्रदर्शन पर हैं। मौके पर बेड़ो पंचायत के उपमुखिया संतोष दास, तुतलो पंचायत के देवराज खान, करकरी पंचायत के हबीब अंसारी, पुरियो पंचायत के बिनय उराँव, मुखिया निरज कुजूर, रमेश उराँव, जतरू उराँव, सुशांति भगत, कुआंरी खलखो, पंचु उराँव, महाबीर उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी मेजर ध्यानचंद की जयंती

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के खेल इतिहास की महान हस्ती, मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच शारीरिक फिटनेस और खेल भावना के महत्व को उजागर किया गया। इस आयोजन में रंगारंग वेशभूषा प्रतियोगिता, खेलों के महत्व पर आधारित एक गीत और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। दिन का मुख्य आकर्षण छात्रों और शिक्षकों के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच था, जिसमें छात्रों की टीम ने विजय प्राप्त की। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय रूप से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर दिया, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक विकास के लिए भी लाभकारी हैं। उन्होंने सभी को खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे इसके बहुआयामी लाभों को समझा जा सके।





## रातू डायट में बच्चों ने खेल दिवस पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातू प्रखंड में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह डायट प्राचार्य दीप्ति कुमारी के द्वारा किया गया। प्राचार्य दीप्ति कुमारी ने बच्चों को खेल के महत्व एवं दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे जागरूक भी किया। इस उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के इंडोर गेम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची जिले के समस्त प्रखंड से सरकारी विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए तथा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस राष्ट्रीय खेल दिवस में रस्सीकूद, करमबोर्ड, टेबल-टेनिस तथा योगा खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में जफर इमाम, मो. जावेद अंसारी, जगजीत सिंह एवं विशाल रवि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कप एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डाइट के सभी संकाय सदस्यों का योगदान रहा मौके पर सोनाली मिंज, नूतन मिंज, संगीता रानी, डॉ. प्रियंका श्री, मनुशेषाद्रि, नीता कुमारी तथा अन्य कर्मचारी मौजूद है।




## रातू के नए थानेदार राम नारायण सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातू थाना में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार राम नारायन सिंह ने नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान थाने के सभी पुलिस कर्मियों से जान पहचान करते हुए थाने का जायजा लिया। इस क्रम में थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों से बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शराब तस्करों पर शिकंजा, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस मौके पर सतीश कुमार, मनोज राय, बिंदेश्वर राय, विकास कुमार, शशि दुबे सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक सपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में NCORD की बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एवं NCORD से संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी द्वारा आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी को लेकर निर्देशित किया गया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी एवं अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमे नशा मुक्ति अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाते हुए निरंतर कार्रवाई जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में आवश्यक रूप से छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, एसडीपीओ तोरपा, डीसीएलआर, NCORD के पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# बेड़ो में जल्द ही कोल्ड स्टोरेज चालू होगा : दीपिका पाण्डेय

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों की समस्याओं के अविलम्ब समाधान का मंत्री से किया आग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय गुरूवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा किये। इस दौरान केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। केशा मोड़ पर उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्था को देखा. तत्पश्चात बाजारटांड पहुँची जहाँ उन्होंने कोल्ड स्टोरेज को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। मंत्री दीपिका पाण्डेय ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा।



इस अवसर पर मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह, बेड़ो, मांडर, ईटकी, लापुंग और चान्हो क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें। श्रीमती तिर्की ने कृषि मंत्री को जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अन्य समस्याओं से भी यहाँ के किसानों विशेषकर महिला किसानों को जूझना पड़ रहा है और इसका खामियाजा उन्हें पारिवारिक स्तर पर उठाना पड़ रहा है। भ्रमण के दौरान अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, मुदस्सिर हक, पंचू मिंज, बुधराम लोहरा, मो. शमसाद, देवनिश तिग्गा, मनकु कुजूर, अशामनी मिंज सहित कई कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# महिलाओं को समाज में सशक्त बना रहा है जेएसएलपीएस : संतोष कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के आजीविका महिला समूह की बुकबुका व खलारी संकुल का वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें चुरी मध्य पंचायत सचिवालय में बुकबुका संकुल के 10 पंचायत के महिला आजीविका समूह की महिलाएं उपस्थित थी। वहीं हुटाप पंचायत के 4 पंचायत की आजीविका समूह की महिलाएं उपस्थित थी। बुकबुका संकुल के आमसभा अतिथियों में प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी व अन्य उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ ने कहा कि जेएसएलपीएस महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से संपन्न करता है, ताकि महिलाओं को भी लगे कि वे भी पुरूष के समकक्ष हैं। कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत होने पर महिलाएं परिवार और समाज दोनो जगह सशक्त होती हैं। एसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं का उत्पादक समूह बन रहा है, जिससे उनकी कमाई बढ़ रही है और और उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। उन्हें छोटी-छोटी चीजों के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ता है बल्कि वे अपने पति को भी मदद करती हैं। बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 25 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह एक-एक हजार रूपए मिल रहा है। कहीं-कहीं एक ही घर में मां और बेटी दोनो को एक-एक हजार रूपए मिल रहा है। महिला समूह से जुड़ी महिलाओं को आपातकाल में समूह से कर्ज भी मिलता है, जिससे उनका परिवार साहूकार से कर्ज लेने से बच जाता है। इससे पहले आपातकाल होने पर घर की बकरी, मुर्गी सभी बिक जाती थी। बीडीओ ने बताया कि 50 साल से उपर की महिलाओं को पेंशन मिल रहा है। विधवा या एकल महिला को भी पेंशन का प्राविधान है।यानि 25 साल से उपर की लगभग सभी महिलाओं को पेंशन की सुविधा दी गई है।।बताया कि 'सरकार आपके द्वार' फिर से शुरू होने जा रहा है।



# आरटीसी स्कूल में खेल दिवस समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में गुरुवार को आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल को बढ़ावा देने तथा जागरूकता लाने के लिए बच्चों के बीच फुटबॉल, एथलेटिक्स दौड़, वॉलीबॉल, खो-खो , हिट द कोण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता में कक्षा चौथी और छठी की टीम विजई रही। जबकि बालक वर्ग के फुटबॉल में कक्षा चौथी ओर छठी की टीम विजय रही। वहीं 50 मीटर रेस में दिवांशु कुमार महतो नमन कुमार सिंह , संजीव, पियांश एवं बैलून रेस मे फ़ातिमा आसिफ , पीयूष ,मिष्टी मुंडा , मोहित महतो आदि प्रथम रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने जीवन में खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन एवं सहयोग की भावना जागृत करती है तथा इससे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती मिलती है। उन्होंने खेल को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन में एवं भारत को विश्व में एक पहचान देने के लिए खेलकूद जरूरी है। साथ ही सभी बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल करने में स्कूल की खेल शिक्षक, सुरेश कुमार महतो, आनंद प्रसाद, उमेश मंडल, सुमंत कुमार, घासी राम महतो शिक्षिका ललिता महतो, फुलेश्वरी महतो, अनामिका हेम्ब्रम, स्नेहा शालिनी, गयात्री सुदर्शी , कल्याणी कुमारी ,अपर्णा कुमारी, प्रियंका कुमारी,मनीषा रानी, एवं पुतुल नीलू नाग आदि का योगदान रहा।




# बारिश से वृद्ध महिला का कच्चे मकान को भारी नुकसान, मुआवजे की मांग



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुमांग पंचायत अंतगर्त करकट्टा के स्व जगरनाथ राम की पत्नी शांति देवी का मिट्टी का घर बारिश से गिर गया। जब घर गिरा उस समय देवी घर के अंदर वाले रूम में थे। हालांकि उनको कोई चोट नहीं पहुंचा है। वहीं घर गिर जाने से पीड़ित महिला के समक्ष काफी परेशानी बढ़ गई है। उन्हें सिर छुपाना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में शांति देवी ने बताया कि पिछले दिनों तेज बारिश से कच्चे मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले अगस्त माह की शुरुआत में भी मकान का एक हिस्सा गिर गया था। बताया कि एक दुकान भी था, वो भी पिछले वर्ष गिर गया। अकेली वृद्ध महिला होने के कारण कहीं से कोई सरकारी सहयोग नहीं ले पायी। उन्होंने राज्य सरकार से प्राकृतिक आपदा नुकसान के तहत मुआवजा की मांग की है। वहीं स्थानीय मुखिया से भी मदद की गुहार लगायी है।

# विधायक के भाई अंकित राज ने किया बुंडू का दौरा, पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू गांव में बीती रात हाथियों के झुंड के द्वारा उत्पात मचाने एवं घर व फसलों को नुकसान पहुंचाने की सूचना पाकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के भाई व इंटक जिला सचिव अंकित राज ने गुरुवार को बुण्डु गांव का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार के घर जाकर घटना की जानकारी ली और नुकसान का आकलन किया। साथ ही उन्होंने दूरभाष पर वन विभाग के अधिकारियों से बात कर इस दिशा में जल्द करवाई करने की मांग की।उन्होंने कहा कि केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र का बुंडू पंचायत सुदूरवर्ती क्षेत्र रहा है।उन्होंने कहा कि हाथियों के द्वारा जो नुकसान पहुंचाया गया है उसका आकलन किया जा रहा है।ग्रामीणों का जो नुकसान हुआ है जल्द से जल्द नुकसान का मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। जिसको लेकर उपस्थित अंचल कर्मचारियों से भी बात की गई।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,बुंडू पंचायत मुखिया तुलसी तुरी,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र साहू,उमेश यादव,रोहित तुरी,अजय साव,सूरज गंझु,गणेश साव, मनोज राम,मनिजर साहू, नरेश साव,अर्जुन यादव, मंगल सिंह,गुरदयाल सिंह, बैजू सिंह,उमेश यादव, तालकेश्वर महतो,बिनोद पासवान,विष्णु पांडे,रामनंदन राम,बलु सिंह,हीरा राम, अनिल सोनी,किशुन देव प्रसाद,कमला महतो,तेजनाथ महतो सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



# कोयलांचल के बुंडू गांव में जंगली हाथियों का उत्पात, कई घरों को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू गांव में बीती रात जंगली हाथियों की झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने कई घरों को अपना निशाना बनाते हुए उसे ध्वस्त कर दिया,जबकि खेतों में लगे फसल को बर्बाद कर दिया।वहीं घरों में रखे अनाज को खा गया।गजराज का उत्पात यही नहीं रुका और हाथियों के झुंड ने गांव के कई जगह पर जानवरों को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया।जानकारी के मुताबिक बीती रात जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश किया और सबसे पहले घरों को निशाना बनाते हुए घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।इस दौरान घर में रखें अनाज को खाकर हाथियों का झुंड खेतों की ओर बढ़ा इस बीच रास्ते में गांव की रमनी देवी और शिवन तुरी के जानवर को पटक-पटक कर एवं कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद जंगली हाथियों के झुंड ने खेतों में लगे धान एवं मकई की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया।हाथियों के उत्पात के बाद गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और शोर मचाकर एवं मशाल जलाकर हाथियों को खदेड़ा।



## आजसू पार्टी ने कराया खेल दिवस पर फुटबॉल टुर्नामेंट



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से 6 पंचायत के 14 टीमों द्वारा दो दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन किया गया। उद्घघाटन मैच बीसा और बेती के बीच खेला गया जिसमें बीसा 1 गोल से विजय रहा संचालन अनगड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने की मुख्य अतिथि आजसू पार्टी राँची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि 卐 खेलेगा युवा बढ़ेगा युवा卐 खेलेगा खिजरी,बढ़ेगा खिजरीआजसू पार्टी पढ़ाई एवं खेल के प्रति अग्रसर रहती है,युवाओं को खेल के माध्यम से संभावित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना और आगे बढाने के उद्देश्य से राज्य भर में इस तरह की आयोजन करते रहती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राँची जिला अध्यक्षा वीणा कुमारी,केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह ,केन्द्रीय सदस्य बीरेन्द्र सिंह भोक्ता,राँची जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुण्डा,राँची जिला सचिव राजेश पहान,जिला सचिव सावित्री देवी भारतीय पंडित योगेन्द्र महतो,बाबुलाल महतो,सुनील कुमार,झरिया वेदिया व पत्रकार बंधु एवं सैकड़ो युवा तथा दर्शक उपस्थित थे।

## याद किये गये हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद की जंयती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया गया।इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।स्कूल की प्राचार्य डॉ.आर चौधरी सहित स्कुल के शिक्षको ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर एंव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व बच्चो ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों को बताया।प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा कि खेल हमें अनुशासन तथा लक्ष्य के प्रति सतत प्रयास करने की भावना को जागृत करता है।खेलना कूदना एक अच्छा व्यायाम है।हमें अपने व्यस्त समय में से अपने मनपसंद का कोई भी एक खेल जरूर खेलना चाहिए।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस भारतीय एथेलिट के उपलब्धियां का जश्न मनाने और खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने का दिन है।प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारत के ऐसे रत्न थे जिन्होंने लगातार तीन ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीताकर भारत का नाम रोशन किया था।उनके जन्मदिवस पर उनको सम्मानित सम्मान देने के लिए इस दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर चौधरी,वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एसके पाण्डेय, सीएस सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## सरना क्लब के द्वारा पताल पंचायत में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के पताल पंचायत में सरना क्लब के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के भाई एंव जिला इंटक सचिव अंकित राज मौजुद थे।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया,जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि खेल से शारारिक विकास होता है और अपनी प्रतिभा का उजागर करने का मौका भी इस तरह के आयोजन से मिलता है।खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रति खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जाता है।खेल और खिलाड़ियों की मदद के लिए हर संभव मदद करने का काम किया जाएगा।इस मौके पर सरना क्लब के अध्यक्ष दिनेश महतो,सचिव सुनील महतो,कोषाध्यक्ष नंदकिशोर महतो,टिकेश्वर महतो,पिंटू मुंडा,दीपक मुंडा,पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, दिलीप महतो,संजय ठाकुर, करण मुंडा,रंजीत गंझु,झरी गंझु,नरेश गोप,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव,उमेश यादव,गुरदयाल सिंह,मगल सिंह,विष्णु पांडेय,बैजू सिंह, बलु सिंह,किसुन देव प्रसाद, रामनंदन राम,नरेश साव, अनिल सोनी,हीरा राम,बिनोद पासवान,तालकेश्वर महतो, तेजनाथ महतो,कमला महतो सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## महिंद्रा ने की उन्नत रोटावेटर की घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट सेक्टर, भारत में हर मिट्टी और फसल के प्रकार के लिए विकसित रोटावेटर की अपनी व्यापक रेंज के माध्यम से भारत में किसानों के लिए भूमि तैयारी गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप से बदलने के लिए कमर कस रही है। महिंद्रा देश में सबसे बड़े रोटावेटर निर्माताओं में से एक है, जिसकी कंपनी की व्यापक रेंज को इसकी शोध और विकास टीम द्वारा विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार डिजाइन और परीक्षण किया गया है।कंपनी देश भर में हर कृषि परिस्थिति के लिए इष्टतम प्रदर्शन, विश्वसनीयता और जीवन सुनिश्चित करने के लिए किसानों के साथ मिलकर काम करती है। भारत में निर्मित, महिंद्रा रोटावेटर का निर्माण पंजाब के नाभा में एक समर्पित विनिर्माण इकाई में किया जाता है।

## एसपी ब्रदर्स बहुबाजार फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सात दिवसीय बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब एसपी ब्रदर्स बहुबाजार ने जीत लिया। इइएफ मैदान में खेले गए खिताबी मुकाबले में बहुबाजर ने ब्लू पैंथर्स टाटीसिलवे को पेनाल्टी शूटआउट में 5 - 4 से हराया।टूर्नामेंट का आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच के जिला सह संयोजक उमेश बड़ाइक ने किया।तीसरे स्थान पर नाइन बुलेट कव्वाली व चौथे स्थान पर केपीएल पेरतोल की टीम रही।बालिका वर्ग का खिताब नयाटोली कांके ने जीता।खिताबी मुकाबले में कांके ने एसके डिबडीह को हराया। विजेता को एक लाख नकद ,उपविजेता के 75 हजार नकद व तीसरे चौथे स्थान की टीम को 20-20 हजार नकद के साथ ट्रॉफी प्रदान किया गया।प्लेयर ऑफ मैच विजय हांसदा ( बहुबाजार) व प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट निक्कू मुंडा ( टाटीसिलवे) रहे।बालिका टीम के विजेता को 20 हजार व उपविजेता टीम को 15 हजार नकद पुरस्कार दिया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## उपायुक्त ने ईवीएम एफएलसी कार्य एवं ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में ईवीएम, वीवीपीएटी का एफएलसी किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर सदर प्रखंड के कीताडीह पंचायत स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंच कर एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया का अवलोकन किया। एफएलसी कर रहे इंजीनियरों से ईवीएम, वीवीपीएटी को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होने ईवीएम वेयरहाउस का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा सहित सीसीटीवी कैमरों, साफ सफाई आदि सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से जांच किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा चाकचौबंद होनी चाहिए और सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय रहें। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह उपस्थित थीं।

## तनिष्क के खूबसूरत, अनूठे आभूषणों के साथ तीज को जगमगाएं



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इस तीज पर तनिष्क के बेहद खूबसूरत आभूषणों के साथ सोलह श्रृंगार करें और अपने दांपत्य जीवन में नयी ऊर्जा लाएं। भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अपने उपभोक्ताओं की तीज को सुनहरा बनाने के लिए इस पवित्र पर्व पर विशेष प्रमोशन की भी घोषणा की है। तनिष्क की विशेष तीज शगुन ऑफर में सोने के आभूषणों पर हर ग्राम पर 101 रुपयों की छूट* दी जा रही है, जिसका लाभ 1 सितंबर से 4 सितंबर 2024 तक उठाया जा सकता है। इतना ही नहीं, डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसका लाभ 9 सितंबर 2024 तक उठाया जाता है। बिहार और झारखंड के सभी तनिष्क स्टोर्स में यह विशेष तीज शगुन प्रमोशन चलाया जाएगा। हमारे सोने के आभूषणों की शानदार कारीगरी में परंपरा की विरासत और आधुनिक सुरुचि का खूबसूरत मिलाप है। तनिष्क ने आपके लिए हीरों के आभूषणों की शानदर रेन्ज प्रस्तुत की है। हर बजट और हर पसंद के मुताबिक विकल्प इसमें पाए जा सकते हैं। नोज़ पिन, खूबसूरत अंगूठियां, मनमोहक झुमके, पेन्डेन्ट और बेहद शानदार हीरे जड़ित सेट इसमें शामिल हैं। अपने नज़दीकी स्टोर पर जाकर तनिष्क के सोने के आकर्षक आभूषण और स्टडेड कलेक्शन और सोलह श्रृंगार के आभूषण खरीदें। हमारी यह बेहतरीन रेन्ज आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

## नारायणा क्लिनिक साकची में मुफ्त मेगा ईसीजी शिविर का आयोजन कल

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हृदय रोगों की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान हेतु ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा संचालित नारायणा क्लिनिक, आमबगान, साकची में एक मेगा मुफ्त ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी) शिविर का आयोजन शनिवार 31 अगस्त को सुबह 8 बजे से किया जा रहा है। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इससे संबंधित जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए 9507202020, 8210825689 नंबर पर संपर्क किया जा सकता हैं। इस संबंध में सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम ने बताया कि ईसीजी परीक्षण हृदय की विद्युत गतिविधि का मापन करता है और यह हृदय संबंधी रोगों की प्रारंभिक पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वही फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों तक इस सुविधा को पहुंचाना है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

## सोनुआ में दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची मालगाड़ी



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ स्टेशन में गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। सोनुआ रेलवे स्टेशन के अप लाईन में गुजर रही मालगाड़ी का दरवाजा खुला होने के कारण रेलवे फुटओवर ब्रिज के पिलर से टकराया जिससे पिलर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही फुट ओवर ब्रिज भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से बहुत बड़ी रेल दुर्घटना होते-होते बच गई। घटना की सूचना से चक्रधरपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया। आनन-फ़ानन में चक्रधरपुर रेल मंडल के कई अधिकारी सोनुआ स्टेशन पहुंचे ओर स्थिति का जायजा लिया। जिसके बाद क्षतिग्रस्त हो चुके फुट ओवर ब्रिज को हटाने का कार्य किया गया। हालांकि, घटना से रेल परिचालन आंशिक बाधित हुआ है। घटना के बाद सोनुआ स्टेशन में अप और डाउन लाईन पर रेल परिचालन बंद कर दिया गया था। ट्रेनों को लुप लाईन से धीमी रफ्तार से पार किया जा रहा था।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में मेगा रक्तदान शिविर सह स्मरण सभा 2 को



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा इंटर व डिग्री कॉलेज जाल्ला के एनएसएस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 2 सितंबर को कॉलेज संस्थापक प्राचार्य सह झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त दिवंगत प्रफुल्ल कुमार महतो की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डिग्री कॉलेज जाल्ला में रक्तदान शिविर सह स्मरण सभा का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारियां कॉलेज परिवार की ओर से की जा रही है। डिग्री कॉलेज शासी निकाय के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पुनीत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दोनों कॉलेज के अध्यक्ष सह विधायक मंगल कालिंदी शामिल होंगे। सचिव श्री टुडू ने क्षेत्र के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर में भाग लेकर इस महान कार्य को सफल बनायें।

## जेएलकेएम की खेरूआ पंचायत कमेटी के अध्यक्ष बने सुशील बेसरा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के खेरूआ पंचायत भवन में गुरुवार को जेएलकेएम के सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति में एक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान संगठन मजबूती हेतु खेरूआ पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से खेरूआ पंचायत के अध्यक्ष सुशील बेसरा, सचिव सुजित कुमार महतो, उपाध्यक्ष राजेन्द्र नाथ मंडल, लाल मोहन महतो व धीरेन्द्र नाथ मंडल, कोषाध्यक्ष गणेश सिंह, सह सचिव कृष्ण टुडू, शक्तिपद महतो, देवु कुंभकार, शंकर महतो, साहेब टुडू, संगठन सचिव फटिक महतो, मीडिया प्रभारी बीरबल मुर्मू व कार्यकारिणी सदस्यों में मंगली टुडू, वीनापनी टुडू, घासीराम महतो को शामिल किया गया। बैठक में पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, जिला प्रवक्ता फनि महतो, जिला उपाध्यक्ष बाबलु रूहिदास, प्रखंड के वरीय उपाध्यक्ष गोरांग महतो, प्रखंड सचिव मृत्युंजय महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष साहेबराम महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष पांडव महतो एवं प्रखंड उपाध्यक्ष अश्विनी दास, दीपक महतो, गोपाल कृष्ण कालिंदी, सीताराम सिंह, सुमित अग्रवाल व दयामय महतो आदि उपस्थित थे।

# सरायकेला में डॉक्टर का अपहरण कर हत्या, भाग रहे दो अपराधी पोटका थाना क्षेत्र में गिरफ्तार

## कोवाली थाना क्षेत्र से अपहृत डॉक्टर का शव को पुलिस ने किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बी. मंडल की गुरुवार सुबह अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई। उनका शव पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला के कोवाली थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। किन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वे दोनों सिजुलता के रहने वाले हैं। अपहरण और हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि डॉ. बी. मंडल राजनगर में अपने आवास पर ही क्लिनिक चलाते थे। गुरुवार सुबह करीब दस



बजे हथियारबंद अपराधियों ने क्लिनिक पर धावा बोलकर उनका अपहरण कर लिया और उन्हें एक व्हाइट रंग की एसयूवी में बिठाकर निकल भागे। इसकी जानकारी मिलते ही सरायकेला और आसपास के जिलों की पुलिस एक्टिव हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अपराधियों के भागने की दिशा में पीछा किया। पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाने की पुलिस ने संदिग्ध एसयूवी को रोककर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।उनके पास से डॉक्टर की हत्या में इस्तेमाल किए गए, हथियार भी जब्त किए गए हैं। हालांकि पकड़े जाने के पहले ही अपराधियों ने डॉक्टर की हत्या कर उनका कवाली थाना क्षेत्र के भालकी गांव में फेंक दिया था। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की तहकीकात कर रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आतंक का माहौल कायम हो गया है और घटना का खुलासा होने तक लोगों में इसके कारणों को जानने को उत्सुकता बढ़ गई है।

## बालू लदे हाइवा ने बेटा का लिया जान

### पिता व बेटी गंभीर रूप से घायल, घंटों सड़क पर पड़ा रहा लाश




**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तिरूलडीह मिलन चौक सड़क पर सोड़ो मोड़ के पास एक ओवर लोड बालू लदे हाइवा एक बाइक सवार को रौंदा, जिससे बंगाल के बाघमुंडी थाना के सींदरी निवासी बाइक सवार 12 वर्षीय सुनील महतो की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मृतक के पिता सपन महतो व 9 वर्षीय बेटी पद्दा महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को मिलन चौक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु सिल्ली के सिंहपुर नर्सिंग होम भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोनाहातु थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह से अपना घर सींदरी जा रहा था, तभी सोड़ो मोड़ के पास एच एल एम इन्टरप्राइजेज का अनियंत्रित ओवर लोड 16 चक्का हाइवा सीधा बाइक को कुचल दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे व तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो , चौका थाना प्रभारी बंजर महतो घटनास्थल पर पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे। दो घंटे के बाद डीएसपी सुनील कुमार रजवार भी घटनास्थल पहुंचे। करीब 9 घंटों तक उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुए एच एल एम इन्टरप्राइजेज द्वारा 16 चक्का हाइवा में प्रशासन के मिली भगत से ओवर लोड बालू संचालन को बंद कराने ,मृतक के परिजनों को मुआवजा देने ,अवैध बालू को रोकने आदि का मांग कर रहे थे। मौके पर भाजपा, झामुमो आदि दल के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यानमाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम के प्रांगण में गुरुवार को विशिष्ट व्यक्तित्व के व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान श्रंखला का आयोजन किया गया। व्याख्यान श्रंखला के वक्ता जमशेदपुर के मैनेजमेंट गुरु प्रो.(डॉ.) चंद्रेश्वर खान, भूतपूर्व सीनियर असिस्टेंट जनरल मैनेजर, टेल्को थे। प्रो. खान के व्याख्यान का थीम प्रबंधकीय प्रक्रियाओं का शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों हेतु महत्व एवं उपयोगिता था। आज की व्याख्यान माला में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति प्रो जेपी मिश्रा , कुलसचिव प्रो. डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद , परीक्षा नियंत्रक मिथिलेश सिंह, विभिन्न स्कूलों/ विभागों के प्राचार्यगण, प्राध्यापकगण एवं सहायक अध्यापक तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. नित नयना ने प्रो. खान का स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद ने प्रो. डॉ. चंद्रेश्वर खान द्वारा दिए गए प्रेरणास्प्रद भाषण की भूरि - भूरि प्रशंसा की।

## जमशेदपुर बना सीआईएससीई रीजनल हैंडबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर चर्च स्कूल बेल्डीह द्वारा द्वितीय सीआईएससीई रीजनल हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ जिसमे जमशेदपुर सभी वर्गो में विजेता रहा जबकि देवघर उपविजेता। सारे मैच जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में हुआ। प्रतियोगिता में देवघर और जमशेदपुर से 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 11 रेफ्रियों और प्रतियोगिता के तकनीकी प्रबंधक अशफाक अहमद (वरिष्ठ खेल विभाग अध्यक्ष चर्च स्कूल बेल्डीह जमशेदपुर) थे।

टूर्नामेंट के विजेता इस प्रकार है। 14 वर्ष (बालक वर्ग) में विजेता - जमशेदपुर, उप-विजेता - देवघर (बालिका वर्ग) विजेता - जमशेदपुर, उप-विजेता - देवघर। 17 वर्ष (बालक वर्ग) विजेता - जमशेदपुर उप-विजेता - देवघर , (बालिका वर्ग) विजेता - जमशेदपुर, उप विजेता - देवघर। 19 वर्ष (बालक वर्ग) विजेता - जमशेदपुर, उप-विजेता - देवघर, (बालिका वर्ग) विजेता - जमशेदपुर, उप-विजेता - देवघर।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार और विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सोनकर ने विजेताओं को पुरस्कार दिया। मौके पर चर्च स्कूल के सचिव, दीपक दास (कोषाध्यक्ष), कमेटी के सदस्य विल्सन चेल्लम कमेटी के सदस्य आलोक बोस, चर्च स्कूल की उप प्रधानाचार्य एस्तर महंती आदि उपस्थित थे।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल में मनाई गई मेजर ध्यानचंद की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** गुरुवार को पटमदा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल परिसर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि मेजर ध्यानचंद एक महान हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होंने भारतीय हॉकी को विश्वभर में प्रसिद्धि दिलाई। उनके जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं:

1. ध्यानचंद ने अपने जीवन में हॉकी के लिए बहुत मेहनत की और अपने खेल में समर्पित रहे। उन्होंने अपने खेल को निखारने के लिए दिन-रात एक कर दिया।
2. ध्यानचंद के जीवन में कई संघर्ष आए, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ता से काम किया।
3. ध्यानचंद ने अपने खेल में टीमवर्क और अनुशासन का महत्व समझा। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर काम किया और अपने खेल में अनुशासन बनाए रखा।



4. ध्यानचंद के जीवन में हॉकी के प्रति जुनून और प्रतिबद्धता थी। उन्होंने अपने खेल को प्यार किया और अपने जीवन को हॉकी के लिए समर्पित कर दिया।

इन सबकों से, हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें अपने जीवन में मेहनत, समर्पण, संघर्ष, दृढ़ता, टीमवर्क, अनुशासन, जुनून, और प्रतिबद्धता के साथ काम करना चाहिए। हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ता से काम करना चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। इस दौरान बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## सेंट्रल करीमिया प्लस हाई स्कूल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को सेंट्रल करीमिया प्लस टू हाई स्कूल के बारहवीं के छात्रों ने 11वीं के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इसमें दोनों कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं भी उपस्थित हुए। सभी छात्रों को अंग्रेजी के शिक्षक साकेत कुमार, विज्ञान संकाय के प्रभारी रेशमा जबीन और प्राचार्य शेख कुतुबुद्दीन अंसारी ने संबोधित किया। प्राचार्य ने विज्ञान के माध्यम से छात्रों को अनुशासन एवं विकास के महत्व को बताया। धन्यवाद ज्ञापन बारहवीं की छात्रा सिया कुमारी ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ संपन्न हुआ।

# घाटशिला के समीर मुर्मू जमशेदपुर एफसी में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने युवा और प्रतिभाशाली स्थानीय स्ट्राइकर समीर मुर्मू के साथ दो साल के करार की घोषणा की है। घाटशिला के पास भागाबंध गांव के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने गोल-स्कोरिंग कौशल से प्रभावित करते हुए फुटबॉल सर्किट में पहले ही अपना नाम बना लिया है। 2023-24 संतोष ट्रॉफी में उनका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 13 मैचों में 10 गोल किया, जिससे उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला और उन्हें पहली बार भारत की अंडर-23 टीम में शामिल किया गया। कार्तिक और जोबा मुर्मू के घर जन्मे समीर



का फुटबॉल के प्रति प्यार उनके बड़े भाई प्रकाश मुर्मू ने जगाया, जिन्होंने उन्हें इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। समीर ने टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समर्थित फुटबॉल फीडर सेंटर से अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की, जहां उन्होंने कोच कानू मुर्मू के मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारा। उनकी प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें जल्द ही आर्मी बॉयज हॉस्टल, दानापुर बिहार रेजिमेंट में जगह दिला दी, जहाँ उन्होंने कई टूर्नामेंटों में बिहार और सेना दोनों का प्रतिनिधित्व किया। समीर मुर्मू ने जमशेदपुर एफसी में शामिल होने पर अपनी खुशी जताई। उन्होंने कहा, मुझे आईएसएल में अपने होम टाउन और कोल्हान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद गर्व है। मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा, समीर हमारे स्थानीय समुदाय से एक युवा प्रतिभा है, जो पिच पर गति और बहुमुखी प्रतिभा का एक अनूठा संयोजन लाता है। एक स्थानीय खिलाड़ी के रूप में वह घरेलू प्रतिभा को आगे बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतीक है। समीर मुर्मू जर्सी नंबर 34 पहनेंगे और प्रशिक्षण में मेन ऑफ स्टील में शामिल हो गए हैं।

## बिष्टुपुर में कृष्ण और सुदामा की महिमा का गुणगान के साथ भागवत कथा का विश्राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ गुरूवार को कथा का विश्राम हो गया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों द्वारा भागवत कथा के विश्राम पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। हवन एवं पुर्णाहुति के बाद लगभग एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व कथा वाचक हिमांशु महाराज ने धर्म, सत्य और कलयुग की महिमा का वर्णन समेत कृष्ण और सुदामा की मित्रता की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जहां मित्रता होती है वहां मतलब नहीं होता। आज के मनुष्य को कृष्ण और सुदामा से सीखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में मित्रता की कितनी अहम भूमिका रहती है। गुरूवार को यजमान के रूप में पवन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनोहर तुलस्यान एवं ओमप्रकाश जीतू गर्ग मौजूद थे। आज श्याम सुंदर मनोज अग्रवाल, गनपत लाल चोथमल, पियुस चौधरी, लक्ष्मी नारायण रतन लाल आगीवाल, कृष्णा स्टोर संजय अग्रवाल, राकेश खेतान की तरफ से प्रसाद का आयोजन किया गया था।

## जुगसलाई दादी मंदिर में भादी मावस उत्सव 2 सितंबर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में भादी मावस उत्सव धार्मिक कार्यक्रम आगामी 02 सितंबर को आयोजित होने जा रहा है। सोमवार को प्रातः 5.30 बजे मंदिर का पट खुलेगा और प्रातः 6.30 बजे आरती होने के बाद दिन भर पूजा एवं जात का कार्यक्रम चलता रहेगा। संध्या आरती 6.20 पर होगी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सुंदर एवं भव्य बनाने के लिए श्री राणीसती



मंदिर कमिटी एवं समस्त खिरवाल परिवार श्रद्धा के साथ के तन मन धन से लगे हुए हैं। मालूम हो कि स्वर्गीय जैदेई खिरवाल (धर्मपत्नी स्वर्गीय रामेश्वर लाल खिरवाल) के द्वारा 1966 में राणी सती मंदिर की स्थापना की गई हैं।

## रामदास सोरेन को मंत्री बनाने की घोषणा पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता ने घाटशिला विधायक रामदास सोरेन को हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। साथ ही दत्ता ने विधायक रामदास सोरेन को इसके लिए अग्रिम बधाई भी दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन से जुड़े व व्यक्तित्व के धनी रामदास सोरेन के मंत्री बनाए जाने से पूरे कोल्हान प्रमंडल को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रामदास सोरेन जमीन से जुड़े नेता हैं और पूर्वी सिंहभूम के साथ- साथ कोल्हान के अन्य दो जिलों में भी उनका प्रभाव है।



आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व उन्हें मंत्री बनाने का निर्णय बिल्कुल सही साबित होगा। पार्टी की ओर से जो सम्मान दिया जा रहा है इसके लिए जिला कमेटी की ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हैं।

**उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार।**

विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन–829206 झारखंड
Email ID- latehardswo@gmail.com ; dswolatehar@gmail.com

**अति– अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला खनिज फॉउण्डेशन ट्रस्ट के तहत् जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु **Supply, Installation of Pre School-Kit** का अधिष्ठापन एवं आपूर्ति का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / कम्पनी /फर्म / पार्टनरशिप से निविदा / प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा लातेहार जिला के वेबसाइट **latehar.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है:–

**विवरणी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेजों का हार्ड कापी एवं नमूना कार्यालय में प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–12.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–13.09.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे |
| 3 | निविदा खोलने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार |

PR 333966 Women, Child Development & Social Security(24-25)D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

## उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई गणमान्य लोग रहे बैठक में मौजूद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) शासी परिषद की बैठक की गई। माननीय मंत्री उद्योग विभाग,श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता, पुलिस अधिक्षक विकास कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी समेत अन्य सदस्य रहे बैठक में मौजूद।दिए कई सुझाव एवं सर्वसम्मती से पारित हुई कई विकास योजनाएँ। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनिंदर भगत ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए डीएमएफटी मद से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी एवं सभी सदस्यों से अपनी सहमति एवं सुझाव देने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अब तक किए गए अनुपालन की भी जानकारी दी गई। पूर्व से संचालित परियोजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार जानकारी दी गई। वहीं अनुमोदन के लिए प्रस्तावित योजनाओं को एक एक कर प्रस्तुत किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा शासी परिषद द्वारा अन्य योजनाओं को भी सर्वसम्मपति से अनुमोदित किया गया। जिससे योजनाएं धरातल पर आ सके। बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावित योजनाओं की सर्वसम्मति से प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। जिसमें पेयजल -हाट बाजार में सोलर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निर्माण, चापानलो का अधिष्ठापन/ मरम्मति, पर्यावरण-जला श्रोतों का उन्नयन, तालाब का निर्माण, चेकडैम का निर्माण/उन्नयन, सर्वजनकि एवं नीजि भूमि पर वृच्छा रोपण कार्य, शिक्षण संस्थानों में वृच्छा रोपण कार्य।स्वास्थ्य देखभाल-अस्पताल परिसर में हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन, अस्पताल परिसर में स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार पुराने भवनों का उन्नयन, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार नये भवनों का निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार शौचालय का निर्माण/ उन्नयन कार्य, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार कुलिंग वाटर सिस्टम का अधिष्ठापन, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार मरीजो के अटेंडेंट के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार आवश्यक उपकरण/ उपस्कर की आपूर्ति, स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार भूमि समतलीकरण/कार्डेनिंग एवं वृच्छा रोपण कार्य।

## लोक प्रेरणा केंद्र का बढ़ता कदम, महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के अधिकार पर कर रही है कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित लोक प्रेरणा के संस्था द्वारा लगातार महिलाओं, किशोरियों तथा बच्चों के उत्थान एवं अधिकार को लेकर कार्य कर आगे बढ़ता नजर आ रही है। जिसमें किशोरियों के लिए निः शुल्क कोचिंग सेंटर चलाना, निर्धन छात्राओं को साइंस मैथ का शिक्षा दिया जाना, उच्च शिक्षा में और बढ़ोतरी के लिए कम्प्यूटर की कोचिंग दिया जाना, प्रवासी मजदूरों के लिए सुरक्षित पलायन को लेकर पंजीकरण करा कर भेजा जाना ताकि किसी तरह का घटना दुर्घटना में उसे मुआवजा दिलाया जा सके। लोक प्रेरणा संस्था द्वारा लगातार किशोरियों और महिलाओं एक बच्चों के अधिकार को लेकर कार्य कर रही है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक करना साथ हीं उनके नेतृत्व में विकास के लिए पंचायत में भूमिका एवं जिम्मेवारी देकर समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाना आदि शामिल है। संस्था के सचिव मौसमी बाखला ने बताई की समाज में व्याप्त जेंडर भेदभाव, घरेलू हिंसा, छेड़ छाड़, बाल विवाह जैसे मुद्दे पर भी जानकारी दिया जाता रहा है। साथ हीं महिला किसान को उनके आय एवं उनके उपार्जन को लेकर नई नई तकनीक की जानकारी तथा प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

## उपायुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब कारोबारियों पर किया गया कारवाई



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 अगस्त को अधीक्षक उत्पाद चतरा के पर्यवेक्षण में हंटरगंज थाना अंतर्गत सोहाद में छापामारी कर हरियाणा में निर्मित अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। छापामारी के दौरान करीब 341 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसमें ब्लैक डॉट विस्की 750 ml = 103 पेटी (कुल 927.000 लीटर), ब्लैक डॉट विस्की 375 ml = 118 पेटी (कुल 1062.000 लीटर), ब्लैक डॉट विस्की 180 ml = 120 पेटी (कुल 1036.800 लीटर) कुल 341 पेटी में 3025.800 लीटर विदेशी शराब। अवैध शराब के इस कारोबार में संलिप्त आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद, चतरा के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त शराब की खेप हरियाणा राज्य में निर्मित है और शराब का यह ब्रांड झारखंड राज्य में रजिस्टर्ड नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान जारी रहेगी।

## स्कूली बच्चों का नेत्र जांच का शिविर होगा आज

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्तर पर स्कूली बच्चों के नेत्र जांच को लेकर 30 अगस्त को राजकीय मध्य विद्यालय में 10 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रखंड के 17 विद्यालय के बच्चों का नेत्र जांच नेत्र चिकित्सक द्वारा किया जाएगा।जिन विद्यालय के बच्चों का नेत्र जांच किया जाएगा इनमे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारिसाखी, कस्तूरबा विद्यालय, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरटा, तिलैया, बारियातु, सिंदुआरी, पेक्सा,गांगपुर, पहरा, मंझगावातरी, कन्या गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोन, इचाक, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चन्दाबांध तथा केंदुआ शामिल है। संबंधित विद्यालय के एक शिक्षक को चिन्हित बच्चे जिनका नेत्र जांच किया जाना है उन्हें लेकर शिविर में आने की बात कही है। मालूम हो कि 24 सितंबर को ही स्कूली बच्चों को नेत्र जांच को लेकर शिक्षक को प्रशिक्षण दी गई थी।

## श्री कृष्णजन्माष्टमी पूजा के अवसर पर आयोजित संस्कृति कार्यक्रम का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान मे बुधवार रात्रि को श्री कृष्णजन्माष्टमी पूजा के अवसर पर पूजा कमिटी की ओर से रंगा रंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राज्य के माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने फिता काटकर शुभारंभ किया।इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जन समूह को जन्माष्टमी की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी, और कहा कि त्योहार पर संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन अपनी संस्कृति को समझने का एक बेहतर उदाहरण है। संस्कृत कार्यक्रमों का मकसद लोगों को बीच अंतर संस्कृति जागरूकता और प्रशंसा को बढ़ावा देना होता है। कार्यक्रम से विभिन्न रीति रिवाज का संस्कृतियों गीत संगीत पर प्रकाश डालते हैं। इस संस्कृति कार्यक्रम मे धूम मचाने वाले बिहार के भोजपुरी जगत के जाने माने गायक प्रमोद प्रेमी यादव एवं खुशी ककर ने एक से बढकर एक गीत संगीत के द्वारा कार्यक्रम मे लाखों के तादाद में शामिल लोगो को रातभर मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला बल के जवान तैनात थे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित चतरा विधानसभा के भावी प्रत्याशी रश्मि प्रकाश, मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष उदय यदुवंशी, सचिव प्रदीप यादव, सन्मुख यादव, खेदु यादव, रोहित यादव, सूर्यदेव देव यादव, जितेंद्र सार्थक, विजय यादव, रामस्वरूप यादव, विशाल यदुवंशी, पवन यादव, समेत कई गणमान्य मौजूद थे।


## श्री गणेश महोत्सव के आड़ में आयोजित थिएटर का विरोध जारी, सीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चुन्दरू धाम परिसर में आगामी 7 सितम्बर से गणेश महोत्सव का आयोजन होना हैं। जिसको लेकर जहां एक ओर समिति ने अपनी तैयारियां जोर-शोर से शूर कर दी है,तो वहीं दुसरी ओर प्रखंड के धार्मिक आस्था से जुड़े गणेश महोत्सव के आड़ में लोगों के बीच अश्लीलता परोसने को लेकर भी कुछ लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। आस्था और धार्मिक महोत्सव के आड़ में कुछ लोगों के द्वारा महोत्सव के आयोजन से पूर्व एक सितंबर से ही होटल वाटिका के समीप अश्लीलता से भरे थिएटर के आयोजन की जोरों पर तैयारियां की जा रही है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों के बीच लगातार विरोध की आग पनप रही है। हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के विरोध के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी विरोध को लेकर कड़े तेवर अपना लिए हैं। ग्रामीणों ने सीओ विजय दास को थिएटर को बंद की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमे बताया है कि असमाजिक व्यक्तियों के द्वारा टंडवा में एक सितम्बर से थिएटर का आयोजन किया जाना है जो प्रसिद्ध चुन्दरू धाम से चंद कदमो की दुरी पर स्थित है। उन्होंने बताया है कि थिएटर के आयोजन से क्षेत्र में अश्लीलता फैलेगी जिसका सीधा प्रभाव प्रसिद्ध गणेश पूजा मेला में आए माताओं एवं बहनों पर पड़ेगा और इससे मेला देखने आए लोगों के बीच आपसी झड़प और माहौल भी बिगड़ने की आशंका जताते हुए थिएटर के आयोजन पर अविलंब रोक लगाते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की है।

## अबुआ आवास योजना अंतर्गत लाभुकों की स्वीकृति करने हेतु जिला अपीलीय कमिटी की बैठक




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में योग्य लाभुकों का स्वीकृति करने हेतु जिला अपीलीय समिति की बैठक उपायुक्त,चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई।अपीलीय समिति के बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के माननीय मंत्री उद्योग विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल समेत अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित थे। जिला अपीलीय कमिटी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभागीय संकल्प के अनुरूप सभी पात्रता पूरा करने वाले योग्य लाभुकों को नियमानुसार शर्तों के साथ लक्ष्य के अनुरूप अनुमोदन किया गया। ग्राम सभा/पंचायत/प्रखण्ड द्वारा अयोग्य किए गए लाभुकों/शिकायत पत्र का संबंधित सभी प्रखंड स्तरीय कमिटी अनुमंडल स्तरीय कमिटी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे। अनुमंडल स्तरीय कमेटी द्वारा जांच कर जांच प्रतिवेदन जिला स्तरीय कमेटी को प्रस्तुत करेगी उसके बाद अंतिम रूप से संबंधित सभी शिकायत पर जिला कमेटी द्वारा अनुमोदन हेतु निर्णय लिया जाएगा।

## अपर समाहर्ता ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गुरुवार को अपर समाहर्ता रामा रविदास ने सदर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व संग्रहण की समीक्षा की एवं कार्यालय के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने निरीक्षण के क्रम में राजस्व अधिकारी सहित अन्य कर्मियों को लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों का काम निर्धारित समय तक निष्पादन किए जाने का भी निर्देश दिया। मौके अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो, प्रभारी अंचल निरीक्षक चार्ल्स गिद्ध के साथ सभी राजस्व उपनिरीक्षक अंचल निरीक्षक, लिपिक, नाजिर और कंप्यूटर आपरेटर आदि मौजूद थे।

## लातेहार के नए एसपी ने लिया प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में कुमार गौरव ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर जोर देने की बात कही। अपनी प्राथमिकताओं में उन्होंने अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मुख्य रूप से शामिल किया है। इस मौके पर लातेहार जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन ने नए एसपी कुमार गौरव को गुलदस्ता भेंट किया व पदभार सौंपा। अपने कार्यकाल के दौरान, अंजनी अंजन ने जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। पदभार सौंपते समय उन्होंने जिले की वर्तमान चुनौतियों और प्रगति के बारे में नए एसपी को जानकारी दी, ताकि कानून व्यवस्था में निरंतरता बनी रहे। पदभार ग्रहण के दौरान मौके पर उपस्थित लातेहार मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, लातेहार एसडीपीओ अरविन्द कुमार, बालुमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम एवं ज़िले के पुलिस एसोसिएशन की टीम सभी ने नए एसपी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव को खुंटी में किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कि बैठक 29 अगस्त को खुंटी जिला के सर्किट हाउस में की गई। जिसमें कसगढ़िया जाति को पिछड़े वर्ग में शामिल करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में लातेहार से पहुंचे राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव एवं नंदकिशोर मेहता का खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अरविंद कुमार ओझा, एसडीओ इंचार्ज शंकर कुमार विद्यार्थी, अंचलाधिकारी, मुरहू पूजा वीणा, सीओ तोरपा जया मुर्मू, सदर सीओ खूंटी वंदना भारती, आयोग के प्रशाखा ओएसडी संजय कुमार, अमर टोपनो और विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जय श्रीराम समिति द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय श्रीराम समिति के द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 टीम ने बजरंग दल मालती मांडर, राधा रानी ग्रुप मांडर, श्री राम सेवा समिति कुरकुरा, मोटीया संघ बरबा टोली, हटिया गार्डन लोहरदगा ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू एकता मंच अध्यक्ष पुष्प रंजन जी, श्री राम सेना झारखंड प्रदेश राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल,केंद्रीय सचिव समाजसेवी रांची सत्येंद्र सिंह, कमलेश कुशवाहा, श्रीकांत जी,ओमप्रकाश गुप्ता,अनिल अग्रवाल,राजेंद्र पासवान,दिनेश पासवान उपस्थित हुए वही जय श्रीराम समिति पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व विधायक रमेश उरांव,सुषमा सिंह, अभय महतो, शैलेश कुमार महतो, रमेश साहू, प्रवीण कुमार ठाकुर, रितेश साहू, रोहित साहू, डबलु राय, प्रेम प्रजापति, अरुण वर्मा, विपुल तमेड़ा, उमेश कास्यकार, रेशमी देवी,संगीता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छोटे बच्चों द्वारा एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। इधर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 51 सौ रुपए नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार पाने वाले को 31 सौ रुपए कप देकर प्रोत्साहित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि हिंदू एकता मंच अध्यक्ष पुष्प रंजन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नटखट जरूर थे परंतु उदंड नहीं। हमें योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के मित्रता और धर्म के प्रति अच्छाई को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। राम सेना राज्य प्रमुख पंकज जायसवाल ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से धर्म संस्कृति की झलक नजर आती है। जय श्री राम समिति के द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है समय के अनुरूप हिंदुओं की एकजुटता समय की मांग है। मंच पर आसीन सत्येंद्र सिंह,सुषमा सिंह,रमेश उरांव,पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन समेत अतिथियों ने अपने-अपने वक्तव्य से लोगों के हौसले बुलंद किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी सुनील अग्रवाल, नगर अध्यक्ष दीपक साहू समेत समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण की सराहनीय भूमिका रही।

## महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कांग्रेस राजद और झामुमो छोड़कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के स्पीड गति के कार्यो को देखकर एवं मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के कार्यो से खुश होकर भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल और जिला मंत्री शंभू प्रसाद के द्वारा किया गया सभी को भाजपा का पटा पहनाकर स्वागत किया गया भाजपा में शामिल होने वाले का नाम रिजवान अंसारी (कांग्रेस), अजय यादव, सुनील बृजिया, जीवन प्रकाश, अनीता बृजिया, सुनील बृजिया, सुशील, सोनी बृजिया, जीवन प्रकाश बृजिया, राजेंद्र ब्रिजिया सबीना देवी, मिनसारिया देवी, सुनहार बृजिया विमल बृजिया, मिथुन बृजिया, सत्येंद्र बृजिया, महेंद्र बृजिया, फिलोमिना ब्रिजिया, सूरज बृजिया, मंसूर अंसारी रघुवा मुंडा। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और भाजपा की सरकार लाएंगे। मौके पर भाजपा नेता संजय राय, जिला कार्य समिति के सदस्य आनंद नाथ शाह, दिलीप प्रसाद एवं प्रशांत सिंह मौजूद रहे।

## गारू: मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से विकास कार्य ठप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** प्रखंड में 40 दिनों से चल रही मनरेगा कर्मियों की हड़ताल ने विकास कार्यों को पूरी तरह से ठप कर दिया है। हड़ताल के कारण न सिर्फ मनरेगा के तहत चल रहे कार्य प्रभावित हुए हैं, बल्कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत आने वाली सभी परियोजनाओं पर भी रोक लग गई है। प्रखंड में विकास की रफ्तार पर इस हड़ताल का गंभीर असर पड़ा है। ग्रामीण इलाकों में चल रही दीदी बाड़ी योजना,टीसीबी, आम बगवानी और अन्य विकास कार्य ठप पड़ी हैं। हड़ताल के कारण न केवल कार्य स्थगित हो गए हैं, बल्कि जिन कार्यों को पहले ही पूरा कर लिया गया था, उनके भुगतान में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। मजदूरों और संबंधित लाभुकों को अब तक की गई मेहनत का भुगतान नहीं मिल सका है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मनरेगा कर्मियों की मांगें लंबित हैं, और प्रशासन के साथ उनकी वार्ता भी अब तक बेनतीजा रही है। कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उनका आरोप है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है, जिससे उन्हें यह कठोर कदम उठाना पड़ा। प्रखंड के ग्रामीणों में भी हड़ताल को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। गारू प्रखंड में विकास कार्यों के ठप होने से ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर भी कम हो गए हैं। स्थिति यह है कि स्थानीय लोग, जिनकी आजीविका इन योजनाओं पर निर्भर है, अब भविष्य को लेकर चिंतित हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा का कहना है कि वे जल्द ही समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा हैं। इसके लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द हड़ताल खत्म कर विकास कार्यों को पुनः पटरी पर लाया जा सके।

# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध बालू उठाव व परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में एजेन्डावार विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त पुलिस तथा प्रखंड स्तर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर पर बने कुल 09 अस्थायी चेक पोस्ट का सुचारू रूप से क्रियान्वयन न होने के कारण बालू से लदे वाहनों का परिचालन में वृद्धि की बात कही। बड़कागाँव, कटकमदाग सदर, बरकट्ठा, कटकमसांडी, पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएँ दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है. जिसकी रोकथाम हेतु समीक्षा। विशेष शाखा, झारखण्ड, रॉची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है तथा चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागाँव, चुरचू, विष्णुगढ़, चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में की गई कार्रवाई एवं रोकथाम की समीक्षा। आगे उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओभरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ वाइल्ड लाइफ सूरज कुमार, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजुद रहे ।

## कटकमदाग के भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास कुशवाहा का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास कुशवाहा का आकस्मिक निधन हो गया। हुलास कुशवाहा को हाल में भी कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया गया था। इससे पहले इन्होंने कटकमदाग भाजपा मंडल समिति में उपाध्यक्ष और महामंत्री का दायित्व निभा चुके थे। कटकमदाग प्रखंड के बानादाग के रहने वाले हुलास कुशवाह पसई पंचायत का बतौर मुखिया प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। एक बार अपने और एक बार इनकी धमपत्नी यहां से मुखिया रही हैं। पीडीएस का दुकान संचालन भी करते थे। हजारीबाग के पूर्व सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी कटकमदाग प्रखंड की जिम्मेवारी का इन्होंने बखूबी निर्वहन किया था । इधर हुलास कुशवाहा के आकस्मिक



निधन की सूचना से मर्माहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उनके शोक संतप्त परिवार से मिलने एवं मृतक के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे। यहां सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुलास कुशवाहा को अंतिम विदाई दी। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह ने पार्टी ध्वज ओढ़ाकर उन्हें सम्मान दिया। उनका निधन हृदय रोग से संबंधित बीमारी के इलाज के दौरान रांची के एक अस्पताल में हुई जहां उन्होंने उन्होंने अंतिम सांस ली। हुलास कुशवाहा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हुलास जी एक बेहद ही नेक,सामाजिक, मृदुभाषी, मिलनसर और हंसमुख व्यक्तित्व थे। उनका इस प्रकार आकस्मिक निधन होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हुलास जी हमेशा हमारे दिलों में हमेशा अमर रहेंगे। उनका निधन भाजपा और समाज के लिए अपूर्णित क्षति है। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से उनकी पुण्यआत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की ।

## नदी के ऊपर पुल और पुल के ऊपर बना तालाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** कबिलासी पंचायत के ग्राम तिउज में भ्रष्टाचार, अनियमितता और सरकारी काम की लीपापोती करने का बेहतरीन उदाहरण सामने आया है. 2023 में मरम्मत का कार्य किया गया जिसमें भारी अनियमितता की गई. पुल कि मरम्मत होने के साथ ही जल की निकासी नहीं करने के कारण पूरे बरसात पुल के ऊपर काफी जल जमाव रहता है जिससे यात्रियों के घायल होने और असहजता का सामना करना पड़ रहा है पिछले साल भी दारू के सभी पत्रकारों ने यह समस्या को प्रमुखता से उठाया था. पर साल भर हो जाने के बाद भी अभी तक पुल के ऊपर पानी जमाव की किसी भी तरह की कोई निकासी की व्यवस्था नहीं की गई.

## जमीन की मापी को लेकर बिकलांग नाना के साथ चार माह से अंचल का चक्कर लगा रही है नाबालिग नंदिनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** अंचल क्षेत्र के इरगा पंचायत निवासी नाबालिग़ लड़की नंदिनी कुमारी पिता स्वर्गीय विजय राम अपनी दिव्यांग नाना और नानी के साथ सरकारी अमीन से जमीन की मापी करने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रही है। इस बारे मे बड़ासी निवासी नंदिनी के नाना ने बताया कि उनकी पुत्री कि शादी वर्ष 2005 मे इरगा निवासी विजय के साथ किया था । शादी के कुछ वर्ष बाद ही उनके दामाद की मौत हो गयी। इन दोनो की दो बेटी थी जिसका लालन पोषण उन्होंने किया। इस बीच इरगा मौजा मे खाता संख्या 51 प्लॉट संख्या 1168, 1169 कुल रकबा 13 डिसमिल जमीन है जिसकी एक हिस्सेदार नंदिनी और उसकी एक बहन है। इस जमीन पर नंदिनी के चाचा सीता राम उनका हक़ नही दे रहे है , इसलिए वह चाहते है कि सरकारी अमीन से मापी करवाकर उनके हिस्से की जमीन उन्हे मिल जाय ताकि इस जमीन को बेच कर दोनो बचियों का किसी तरह विवाह हो सके। जमीन की मापी के लिए उन्होंने मई महीने मे ही आवेदन दिया है पर अबतक कोई करवाई नही हुई है। बुधवार को।अंचलाधिकारी से मिलने पहुंचे नंदिनी अपने नाना नानी के साथ मिलकर उन्हे आपबीती बताई और जमीन की जल्द मापी करवाने का आग्रह किया।

## अंचलाधिकारी ने बिरहोर परिवारों का जाना हाल-चाल, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत चेडरा पंचायत के आठ माइल बिरहोर टोला में विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने बिरहोर परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं सरकारी योजनाओ से मिला रहे लाभ की पूर्ण जानकारी ली।इसके पश्चात बिरहोर परिवारो का सर्वे किया गया । आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड,वोटर कार्ड से वंचित परिवार को अतिशीघ्र जोड़ने की बात कही। साथ ही कहा कि बिरहोर परिवारों के सदस्यों का जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र,आय प्रमाण बिना देरी के एवं जिनका नही बन पाया वो यहाँ अभी तत्काल आवेदन करें।अंचल कर्मचारियों को साफ निर्देश देते हुए कहा आदिम जनजाति बिरहोर को



किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए,इनका संरक्षण एवं संवर्धन हमारी एवं समाज की पूर्ण जिम्मेदारी है। बिरहोर परिवारों को आ रही परेशानियों से राजू श्रीवास्तव ने अवगत कराया जिसपर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बिरहोर परिवार से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना और हल करने के प्रयास में तत्काल जुट गए। इस मौके पर मुखिया निर्मल कुमार,पंसस मुन्नी देवी,वार्ड सदस्य अरविंद कुमार लाहकार, अंचल कर्मचारी मुकेश यादव,सहिया एवं दर्जनो की संख्या में बिरहोर परिवार उपस्थित थे।

## झरपो बुध बाजार के दुर्गा मंडप छज्जा पर हुआ बज्रपात,बाल बाल बचे नीचे खड़े लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई ,बाल ना बांका कर सके मार सके ना कोई इस पुरानी कहावत को चरितार्थ होते टाटीझरिया के झरपो बुधबाजार परिसर में देखा गया। दरअसल बुधवार के दिन हजारों की संख्या में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो , भराजो, खैरा, नारायणपुर, डूमर, धर्मपुर, बेडम, टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवों और टाटीझरिया प्रखंड से सटे दारू, इचाक, विष्णुगढ़ प्रखंड के जरगा, टटगांव, लुंदरू, बसरिया , मेढकुरी, बासोबैर, पेटो, देवरिया, पुनाई, करियातपुर, मुरगावो, कुरहा, गांव से किसान व्यापारी सब्जी की खरीद बिक्री करने आते है। जहां वर्षा होने पर दुर्गा मंडप में निकाली गई छत के छज्जा नीचे ही अपना बचाव करते थे। उक्त स्थल पर 28 अगस्त दिन



बुधवार को शाम लगभग 4 बजे आचनक घनघोर वर्षा होते हुए टीम टिमाता हुआ सितारे के जैसा बज्रपात हुआ जिससे सिर्फ दुर्गा मंडप का ही छज्जा टूटा विडंबना है की कुछ लोग झज्जे के नीचे वर्षा से बचाव के लिए खड़े थे लेकिन किसी को एक खरोच तक नही आया।

## मुखिया संघ का विरोध, वेतन वृद्धि और पेंशन की मांग, ग्रामीण विकास कार्य ठप

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्रामीणों प्रखंड के अबूवा आवास, मैया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, सहित दर्जनों विकास कार्य एवं आंचल से संबंधित सभी काम बाधित हो रहे हैं. सरकारी कर्मचारियों का कहना है की सरकार हमारे ग्रेड पे,अलाउंस, मेडिकल और पेंशन की मांग की जा रही है वहीं मुखिया संध का कहना है कि हमें सिर्फ 2500 रुपया वेतन के रूप में मिलता है और किसी भी तरह का कोई भत्ता नहीं मिलता है मुखिया संध की मांग है कि हमें वेतन बढ़ाया जाए और साथ-साथ जीस तरह एक विधायक और संसद को पेंशन मिलती है उसी तरह कुछ पेंशन का भी व्यवस्था किया जाए साथ ही और भी खर्चों का मानदेय दिया जाए जैसे की ट्रैवलिंग मेडिकल इत्यादि.

## ग्राम तीउज में 20 दिनों से बिजली गुल, ट्रांसफार्मर जलने के बाद भी ग्रामीणों की फरियाद अनसुनी

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्राम तीउज में तकरीबन 20 दिनों से बत्ती है गुल वज्रपात के कारण ट्रांसफार्मर तकरीबन 1 महीने पहले आंशिक रूप से जल गया था पर वह चालू हालत में था, इसी दौरान पुणः वज्रपात होने के कारण ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया. ग्रामीणों द्वारा बिजली ऑफिस में कई बार गुहार लगाने के बाद भी बिजली विभाग टालमटोल कर रही है बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बहुत से ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं बच्चों को पढ़ने में असुविधा हो रही है.

## कजरी सामुदायिक भवन में कलस्टर कार्यालय बाएफ द्वारा विलेज मीटिंग का हुआ आयोजन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कजरी सामुदायिक भवन में बाएफ कलस्टर के द्वारा विलेज मीटिंग का आयोजन किया गया उक्त मीटिंग में किसानों को सेन्ट्रल कोल्ड फिल्ड लिमिटेड के सी डी पी परियोजना की जानकारी किसानों को अजीत कुमार सिंह बाएफ परियोजना पदाधिकारी एवं राजीव कुमार राय बाएफ जिला प्रभारी हजारीबाग के द्वारा दी गयी । इनके द्वारा बताया गया की उक्त परियोजना के तहत कुल 09 गाँव में चरही, फुसरी, बहेरा, कजरी, पिपरा, चनारो हेंडगारहा, इंद्रा व जरबा मे कार्य होना है जिसमे वर्तमान में किसानों का चयन का कार्य एवं वाड़ी लगाने हेतु पिट डिलिंग का कार्य चल रहा है । उन्होंने उपस्थित किसानों को आत्मनिर्भर बनने से संबंधित कई टिप्स भी बताये द्यइस परियोजना कार्य क्षेत्र में पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित सुविधा जिसमें सॉर्टेड सीमेन, बकरी में भी कृत्रिम गर्भाधान कराने हेतु विभिन्न पहलू पर बताये गए । मुख्य रूप बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो , सी आर पी वसीमा खातून, समीना खातून, कुसुम देवी, अजमत हुसैन, मुन्तज़िर अंसारी, मो मनोवार, साइदून निशा,कोसर अंसारी,सहित सेकड़ो किसान मौजूद थे ।

## पचड़ा मुखिया महेश प्रसाद साव मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता से

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पचड़ा पंचायत के मुखिया सह जिला कांग्रेस कमेटी व मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को बुके देकर पुलिस महानिदेशक बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए ! इस दौरान महेश प्रसाद साव ने बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं से राज्य के पुलिस महानिदेशक को को अवगत कराया! साथ हीं कहा कि एनटीपीसी केरेडारी कोल खनन परियोजना एनटीपीसी चट्टी बारीयातु कोल परियोजना एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना पीटीपीएस पतरातू थर्मल पॉवर एवं अन्य कम्पनियां में बाहरी लोगों की बहाली प्रत्येक विभागों में हो रही है! स्थानीय रैयतों द्वारा बिरोध करने पर पुलिस प्रशासन का भय दिखाकर निर्दोष लोगों पर झूठा मुकदमा कर फंसाया जाता है! पुरे माइनिंग क्षेत्र में बिना नियम कानून का धड़ल्ले से माइनिंग हो रहा है! रैयत लोग धीरे धीरे गोलबंद हो रहे हैं बड़ा आंदोलन का बिगुल कभी भी फुंका जा सकता है! इसके साथ ही अन्य कई मुदों से अवगत कराए! इस पर राज्य के पुलिस महानिदेशक ने अस्वस्त किए कि मैं सारी बिंदुओं पर अपने संज्ञान में लूंगा!

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने तीन गांवों में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन, बिजली आपूर्ति में सुधार का किया वादा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने क्षेत्र के तीन प्रमुख गांवों में नए ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन कर बिजली आपूर्ति में सुधार का नया अध्याय लिखा। विधायक श्री अकेला ने करसो गांव में 200 केवीए, हरला गांव में 100 केवीए और कोयली गांव में 200 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों का विधिवत उद्घाटन किया। जिससे इन गांवों में बिजली की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। बिजली आपूर्ति में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम विधायक उमाशंकर अकेला ने उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इन नए ट्रांसफार्मर के लग जाने से गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि करसो, हरला और कोयली गांवों में बिजली की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए उनके प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। इन गांव के निवासियों को अब पर्याप्त वोल्टेज पर बिजली प्राप्त होगी, जिससे कृषि, शिक्षा, और घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी। ग्रामीणों की राहत और विकास के प्रति प्रतिबद्धता विधायक अकेला ने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों में बिजली की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मरों की मांग की गई थी, जिसे उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और विधायक का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर विधायक ने कहा, बिजली किसी भी क्षेत्र के विकास का आधार है। जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुचारु आपूर्ति नहीं होगी, तब तक वहां के



लोग सही मायने में विकास का लाभ नहीं उठा सकते। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बरही प्रखंड के हर गांव में पर्याप्त और स्थिर बिजली आपूर्ति हो। ग्रामीणों ने इस नए ट्रांसफार्मर से होने वाले लाभ की सराहना की और विधायक से भविष्य में भी ऐसे ही विकासात्मक कार्यों की अपेक्षा की। बरही विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा तीन गांवों में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा बल्कि ग्रामीणों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। विधायक ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भविष्य में और भी विकासात्मक कार्यों की योजना की घोषणा की, जिससे बरही प्रखंड को नए आयाम मिलेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया सिकंदर राणा, अर्जुन सिंह, केदार सिंह, नागेंद्र सिंह, विमल ठाकुर, चरकू रविदास, विजय सिंह, पप्पू सिंह, गोवर्धन सिंह, हरला में होरिल गोप, नंदू गोप, बासुदेव यादव, दसरथ यादव, चंदन यादव, मुकेश यादव, धुपाली यादव, कोयली में मो अनीश, मो अल्ताफ, मो जहांगीर, मो मोजाहिद, मो एजाज, मो कलीम उर्फ़ पोलो, मो शमीम, किशुन यादव, जगदीश यादव, अनिल यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हाथियों के झुंड ने बुंडू में मचाया उत्पात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** जंगली हाथियों के झुंड ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंडू में बीते रात जमकर उत्पात मचाया! हाथियों ने ग्रामीणों के खेतो मे लगे मक्का धान समेत अन्य फसलों को खाया और कुचल डाला! इस दौरान हाथियों के झुंड ने कई ग्रामीणों के घर तोड़ कर घर में रखे अनाज को खा गए और घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया! इसके साथ हीं रमनी देवी पति शिवन तुरी के दो मवेशियों को चपेट में ले लिया जिस कारण मवेशियों की मौत हो गई! मिली सूचना के अनुसार 20 से 25 हाथियों का झुंड बुंडू क्षेत्र में भ्रमण शील है! हाथियों के आतंक से बुंडू बटुका समेत अन्य जगहों के ग्रामीण पूरी तरह से भयभीत हैं हाथियों को भगाने के लिए कारगार उपाय वन विभाग द्वारा नही किया जा रहा है! जिससे बुंडू समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश है! घटनाक्रम पर जानकारी देते हुए बुंडू पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी ने बताया कि उर्मिला देवी मो सहबतिया सरिता देवी सुदामा करमाली शांति देवी मुंशी करमाली रघुबीर तुरी मो नमिता सीता देवी मो बिरसी समेत कुल नौ घरों को हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त किया है जिसमे से सीता देवी का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया व मो नमिता के घर में रखे अनाज समेत खाने पीने के सामग्री को नष्ट करते हुए घर में रखे कपड़ो को भी फाड़ दिया! सूचना पर संबंधित क्षेत्र के हलका निरीक्षक और विधायक अंबा प्रसाद के भाई सह इंटेक नेता सुमित कुमार द्वारा क्षति पूर्ति के लिए मुआयना किया गया है! वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने के लिए प्रयास किया गया पर हाथी नहीं भागे है।

## बिजली विभाग की लापरवाही दे सकती है बड़े घटना को अंजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** कविलासी पंचायत के ग्राम तीउज से जो सड़क पुणाई को जोड़ती है उसके बगल में 11000 वोल्ट का बिजली का तार एंगल के टूट जाने की वजह से खतरनाक तरीके से एक तरफ झुक गया है, जो की किसी भी वक्त किसी भी वाहन को अपने चपेट में ले सकता है. जिस कारण हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित होने से कभी भी जान -माल की क्षति हो सकती है .क्योंकि यह रोड कविलासी एवं पुणाई पंचायत को जोड़ती है तो इस रोड में बराबर बड़ी गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है. .20 फीट उपर से झुक कर 10-12 फीट पर आ गया है 11000 वोल्ट का तार .यहां यात्री बस और स्कूली बस को भी अपने चपेट में ले सकता है जिस कारण स्कूली बच्चों और राहगीरों का बड़े पैमाने पर घायल होने का या जान का भी खतरा का अंदेशा लगा हुआ है. पर बिजली विभाग सो रहि है,बिजली विभाग कि लापरवाही बड़े घटना को अंजाम दे सकती है.

## विष्णुगढ़ में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार 3.0 शिविर की तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड सरकार द्वारा अपने पाँच वर्षो के करीब कार्यकाल में 30 अगस्त 2024 को आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार 3.0 का शुभारंभ विष्णुगढ़ प्रखण्ड के तमाम पँचायतो में फिर से किया जा रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला



आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार के हाथों में रहेगी ताकि कोई वंचित छुटे ना। इसकी जानकारी देते विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने बताया कि आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार 3.0 में झारखण्ड सरकार गरीब,मजदूर एवं वंचितों को झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया योजना,अबुआ स्वास्थ्य योजना,अबुआ आवास योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना ,बिरसा हरित ग्राम योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड,बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड ,जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र से आच्छादित करना है,अतएव आप सभी से विनम्र अपील है,अपने आवेदन लेकर शिविर में पहुँचे जिसका तत्काल निदान किया जाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ नरकी पँचायत 30 अगस्त 2024, भेलवारा पँचायत ,चेडरा पँचायत में 31 अगस्त 2024,खरना पँचायत,विष्णुगढ़ पँचायत 02 सितम्बर 2024,बेड़ाहरियारा पँचायत, नवादा पँचायत 03 सितंबर 2024,कुसुम्भा पँचायत,बकसपुरा पँचायत 04 सितंबर 2024,गैंडा पँचायत, अलपिटो पँचायत 05 सितंबर 2024,नागी पँचायत,बनासो पँचायत 06 सितम्बर 2024,चानो पँचायत, ज़ोबर पँचायत 09 सितंबर 2024,गाल्होबार पँचायत, खरकी पँचायत 10 सितंबर 2024,सारूकुदर पँचायत, मडमो पँचायत 11 सितम्बर 2024,अचलजामो पँचायत, सिरैय पँचायत 12 सितंबर 2024,करगालो पँचायत,बराय पँचायत, गोविंदपुर पँचायत 13 सितंबर 2024 को पँचायत सचिवालयों में शिविर की जायेगी ।

## रेन्बो स्कूल बरही में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

- **चंद्रशेखर हाउस और अंबेडकर ग्रुप बने विजेता, निदेशक ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन**
- **खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रेन्बो स्कूल बरही में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार विभिन्न हाउसों में अंबेडकर हाउस, भगत सिंह हाउस, चंद्रशेखर हाउस और दयानंद हाउस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, खो-खो सहित अन्य कई खेल शामिल थे। फुटबॉल प्रतियोगिता में चंद्रशेखर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। वहीं खो-खो प्रतियोगिता में अंबेडकर ग्रुप और चंद्रशेखर हाउस दोनों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को सम्मान देते हुए विभिन्न खेलों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा का विकास किया जाता है। खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को आगे भी ऐसे ही खेलों में भाग लेने और अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता, मनीष कुमार, सुजीत कुमार, स्वाती कुमारी, मानसी कुमारी सहित ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डीएलसीसी की बैठक में डीडीसी ने दिया प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लंबित आवेदनों को त्वरित निष्पादित करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता मे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पाया कि वैसे 12 बैंक जिनका लक्ष्य सिंगल डिजीट में है, की आवेदन स्वीकृति शून्य है। इस पर खेद प्रकट करते हुए उन्होंने सभी बैंक को सुधार करते हुए अगले 10 दिन में लंबित आवेदनों को स्वीकृत प्रदान करने का निर्देश दिया।



बैठक में डीडीसी में फॉर्म क्रेडिट, क्रॉप लोन, एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर, एनुअल क्रेडिट प्लान, एग्रीकल्चर लोन, एजुकेशन लोन, हाउसिंग लोन, सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, मुद्रा लोन, पीएम स्वनिधि सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत असंतोषजनक प्रदर्शन पर उन्होंने सभी बैंको को कड़ी फटकार लगाई एवं 15 दिनों के अंदर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं एलडीएम ने बताया की जून तिमाही तक जिले का ऋण जमा अनुपात 36.75ऽ था। इस पर डीडीसी ने इसे असंतोषजनक बताया एवं सितम्बर तिमाही तक सभी बैंको का ऋण जमा अनुपात कम से कम 40 प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की कल्याणकारी योजना है। बैंक इसमें अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही कहा कि 30 अगस्त से जिले में आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जिस पंचायत में शिविर लगेंगे वहां बैंक अपना स्टॉल भी अवश्य लगाएंगे। बैठक के समापन पर उप विकास आयुक्त ने डिस्ट्रिक्ट क्रेडिट प्लान 2024 - 25 की वार्षिक पुस्तक का विमोचन किया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सहायक महाप्रबंधक रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, रांची के राजन पांडा, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सांसद धनबाद के प्रतिनिधि मिल्टन पार्थ सारथी, विधायक धनबाद के प्रतिनिधि रवि सिन्हा, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं बैंक के समन्वयक उपस्थित थे।

# उत्पाद विभाग दौड़ में 28 अभ्यर्थी हुए बेहोश सदर अस्पताल में भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली की दौड़ में न्यू पुलिस लाइन में 28 अभ्यर्थी गिर कर बेहोश हो गए। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। बताया गया कि हर रोज बड़े पैमाने पर अभ्यार्थी गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन में 10 किलोमीटर का दौड़ लगा रहे हैं। इसी बहाली प्रक्रिया में दौड़ने के क्रम में एक साथ 28 युवा गिर कर बेहोश हो गए। बेहोश हुए युवाओं को आनन फानन में एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया। जहा डॉक्टर के देखरेख में सभी अभ्यर्थियों का इलाज किया जा रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थियों में कोडरमा के विजय यादव, पलामू के सुहैल अख्तर, पचंबा के सचिन वर्मा, ओरंगाबाद के अंकित कुमार, धनबाद के सिंदरी के प्रकाश विश्वकर्मा, धनबाद के विशाल महतो, अरवल के रंजन कुमार, मुफ्फसिल थाना इलाके के कोईमारा के दिनेश तुरी, पलामू के प्रभु कुमार, लोहरदगा के प्रमोद उंराव, धनबाद के चिंतामणी मंडल, देवघर के घाघी निवासी गुड्डू कुमार, कोडरमा के पूर्णा नगर निवासी आनंद कुमार, धनबाद के अभिषेक उपाध्याय समेत अन्य अभ्यर्थी शामिल है। जो गुरुवार को 10 किलोमीटर दौड़ की प्रक्रिया को पूरा करने के क्रम में गिर कर बेहोश हो गए। बताया जा रहा है की धूप और गर्मी के कारण ये सभी अभ्यर्थी गिर कर बेहोश हुए।जिसके बाद इन्हे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।इधर सदर अस्पताल में बेहोश अभ्यर्थियों को टेबल पर बैठा कर इलाज किया जा रहा है।



## दरवाजा पर लगा बिजली पोल हटाने के लिए एसडीओ को आवेदन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पचम्बा हाई स्कूल के निकट वार्ड नम्बर एक शांतिनगर निवासी विकास कुमार रंजन ने गुरूवार को बिजली विभाग के सहायक अभियंता को आवेदन देकर अपने दरवाजा पर लगा बिजली पोल को हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कई बार मौखिक रूप से बोलने और लिखित आवेदन देने के बाद भी बिजली का पोल नहीं हटा। अंततः आज फिर से उन्होंने आवेदन दिया है। इस बार सहायक अभियंता ने पोल हटवा देने की बात कही है। आवेदन की प्रतिलिपि बिद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शहरी गिरिडीह को भी दिया गया है । उन्होंने कहा कि बिजली पोल के कारण उनका चार पहिया वाहन सड़क पर रखना पडता है। जो कभी भी चोरी हो सकता है। पिछ्ले महिना ही इस मुहल्ला से एक गाडी चोरी हो चुका है। कहा कि विभाग को तत्परता दिखाते हुए दरवाजा पर से बिजली पोल यथाशीघ्र हटाना चाहिए।

# सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं : राहुल कुमार

## माडाकर्मी पर लगे आरोप निराधार, करेंगे मानहानि का दावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वर्ष 2016 मे खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार से सेवानिवृत खलासी महंगी यादव को विभाग के द्वारा पावना राशि के रूप मे चार लाख रुपया बैंक आरटीजीएस के माध्यम से भेजा गया था किंतु कुछ तकनीकि कारणो से भुगतान की गई राशि महंगी यादव के बैंक खाते मे नहीं पहुंची जिसकी पुष्टि संबंधित बैंक के द्वारा भी की गई है। इस दौरान महंगी यादव का देहांत हो गया।



परिणाम स्वरूप विभाग की कागजी प्रक्रियाओं के कारण भुगतान मे विलंब हुआ। जिस पर स्व महंगी यादव के पुत्रों ने बिना किसी तर्क के माडा के लिपिक राहुल कुमार पर पैसा के गबन का आरोप लगाया जो बिल्कुल निराधार साबित हुआ। वर्ष 2022 मे जांच के क्रम मे झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार के प्रबंध निदेशक एवं झमाडा के लेखा पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने बताया की जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है की राहुल कुमार पर लगाए गए सभी आरोप निराधार एवं भ्रामक हैं एवं प्रतीत होता है की किसी निजी रंजिश के कारण उत्प्रेरित हैं। गौरतलब है की स्व महंगी यादव की मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी द्वारा आवेदन देकर पावना राशि की मांग की गई। जिस पर माडा प्रबंधन ने सारी कागजी प्रक्रिया पुरी करने के पश्चात स्व महंगी यादव के चारों पुत्र संग्राम यादव, सत्यराम यादव, विकास कुमार एवं बलराम यादव को उनके बैंक खाता मे एक - एक लाख रुपये कर कुल चार लाख की राशि हस्तांतरित कर दी गई। वहीं इस बाबत राहुल कुमार ने कहा की सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। वे शुरु से ही निर्दोष थे। उनकी छवि को धूमिल करने के लिये उन पर बेबुनियाद और मनगढंत आरोप लगाए गए थे। निश्चित रूप से वे मानहानि का दावा करेंगे।

## आजसू पार्टी का जनजागरण पदयात्रा चौथे दिन भी जारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को आजसू पार्टी का जनजागरण पदयात्रा का चौथा दिन का शुरुआत घुनघुसा पंचायत के बदाही गांव से की गई। इस पदयात्रा का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो कर रहे थे। यह जनजागरण पदयात्रा बदाही खेराबेड़ा, चैता, मुखियाटोला आदिवासी टोला, पांडे टोला, मंडल टोला घटवार टोला, रविदास टोला आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर आजाद नगर घुनघुसा में समापन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में हलधर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने विधवा माता बहनों को वित्तीय सहायता देने का वचन दिया था, वहीं महिलाओं को आधार कार्ड पर 50 लाख का लोन देना था। आज गांव में रहने वाले जनता मूल्यांकन करें, क्या राज्य सरकार ने एक भी काम किया है। वहीं संतोष महतो ने कहा कि प्रदेश में सुदेश महतो का विकल्प कोई नहीं है। राज्य के जनता त्राहिमाम कर रही है। इस अवसर पर सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची थाना क्षेत्र में लगातार घरों में चोरियां हो रही है, लेकिन प्रशासन अब तक उद्भेदन नहीं कर पाई है। आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की उपज की पार्टी है।

# हरेन्द्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य, समाज व खेल के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक मिनी मैराथन का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस मैराथन में धनबाद स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने भूली हीरक रोड, नवाडीह स्थित बिरसा मुंडा पार्क से असर्फी हॉस्पिटल के पास, बिनोद बिहारी चौक तक दौड़ लगाई। मिनी मैराथन की शुरुआत हरेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की स्कूल पहला कदम में गुरुवार को (मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन) नेशनल स्पोर्ट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के पहले एयर मार्शल डेजिल किलर को दो मिनट की भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज के इस अवसर पर दिव्यांग बच्चो का हौसला बढ़ाने समाजसेवी मयूर शेखर झा का आगमन हुआ। मयूर शेखर तथा उनकी टीम ने स्पोर्ट्स डे के अवसर पर बच्चो की गतिविधियां देख कहा की पहला कदम स्कूल दिव्यांगो के सर्वांगीण विकास के लिए जो सराहनीय कार्य कर रहा है, वह अतुल्यनीय है। स्पोर्ट्स डे के अवसर पर अनेक प्रतियोगिता बच्चो के बीच कराई गई जिसमे विजयी बच्चो को मयूर शेखर झा के द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

## भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ताओं का सम्मान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आई इ ए एच डी के बैनर तले भारतीय जीवन बीमा निगम के धनबाद शाखा दो के अभिकर्ताओं का सम्मान किया गया। दिनांक 13 3.2024 को आई इ ए एच डी ए के आह्वान पर माय एलआईसी माय प्राइड का प्रस्ताव रखा गया था। इस प्रस्ताव को धनबाद शाखा दो के अभिकर्ता साथियों के द्वारा सार्थक बनाया गया एवं उनके प्रयास के लिए उन्हें शाखा प्रबंधक नरेश कुमार, नीरज कुमार, सुरेश कुमार एवं अन्य साथियों के हाथों सभी को गुलदस्ता एवं संगठन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# महाप्रबंधक ने किया पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट रेलखंड का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज सोनपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी के रास्ते पाटलिपुत्र-सहरसा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरन उन्होंने मार्ग में पड़नेवाले रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सहरसा स्टेशन का निरीक्षण कर सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने वाशिंग पीट का भी निरीक्षण किया । उन्होंने अधिकारियों के साथ सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया । पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा । महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री में इंजन निर्माण कार्य का गहन मुआयना किया गया। इसके उपरांत मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में लोको फैक्ट्री के क्रिया कलापों एवं उत्पादन आदि से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया । यह कारखाना उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों के साथ तैयार की गई एकीकृत यूनिट है जो 'मेक इन इंडिया' का सर्वोत्तम उदाहरण है । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर पूर्णिया के माननीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया । इस दौरान माननीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एवं महाप्रबंधक के मध्य पूर्णिया कोर्ट एवं इसके आस-पास के स्टेशनों से संबंधित यात्री सुविधा आदि से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई ।

# आला अधिकारी के आश्वासन के बाद भी ना जाँच हुई ना कार्रवाई, मेला का काम जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** न्याय की उम्मीद पर टकटकी लगाए बैठा है मेला संचालक पवन कुमार प्रजापति। उपायुक्त से लेकर पुलिस अधीक्षक तक ने दिया आश्वासन। गणेश मेला लगाने के लिए एक सप्ताह का समय बचा है। मेला संचालक पवन कुमार प्रजापति का कहना है की जोरापोखर थाना प्रभारी द्वारा गाड़ी का माल गिराने भी नहीं दिया जा रहा है। उधर मेला की सामग्री लिये गाड़ी खड़ी है। गाड़ी का भाड़ा और ड्राईवर का खर्च देना पड़ रहा है। इस कारण लाखो का घाटा हो चूका है। पांच लाख पचासी हज़ार रुपये मेला लगने से पहले कोमेटी को दे चूका हूँ। पैसे को लेकर पूरा परिवार सदमे है। मेला लगाने की अनुमति अगर नहीं मिला तो आत्मदाह करने के इलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा। जिसकी सुचना पहले दे चूका हूँ। अनुमति प्रमाण पत्र 2031 तक का मिलने के बाद भी मेला लगाने नहीं देना जोरपोखर थाना प्रभारी की मिली भगत को दर्शता है। पवन कुमार प्रजापति का कहना है की पूरा परिवार का साल भर का खर्च मेले की कमाई से चलता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग
### भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची
### अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–42 / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.09.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.09.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.09.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of Post Construction Anti Termite Treatment in Secretary Residence and Residential Office A/1 Kusai Colony, Doranda and F type Secretary Residence B -2 (New) PHED Colony, Hinoo, Ranchi | 337400.00 | 6800.00 | 750.00 | One Month |
| 2 | Renovation of C type Quarter No -24 ( One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 599500.00 | 12000.00 | 1250.00 | One Month |
| 3 | Renovation of JAP -1 Family Quarter, Block No -06/16 Set (1 Block, 18 Units), Beside Nepal House, Doranda, Ranchi | 4505300.00 | 90200.00 | 5000.00 | One Month |
| 4 | Renovation of A type Quarter (Ne w) No. -1 to 12 (Twelve Unit) Near Rajbhawan Hospital at Audrey House, Rajbhawan Pool, Ranchi | 3125750.00 | 62600.00 | 5000.00 | One Month |
| 5 | Renovation of JAP -1 Family Quarter, Block No -12/16 Set (1 Block, 18 Units), Beside Nepal House, Doranda, Ranchi | 4665000.00 | 93300.00 | 5000.00 | One Month |
| 6 | Renovation of ADJ Quarter No. -27 with Roof and Outer Portion (Quarter No.-25 to 28) at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 1513150.00 | 30300.00 | 5000.00 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 334099 Building(24-25)D



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची
### खुला डाक की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के **लापूँग, ईटकी एवं रातू प्रखंड** के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि के लिए **दिनांक 13.09.2024 को 11:00** बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा **दिनांक 20.09.2024** को **11:00** बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् **दिनांक 27.09.2024 को 11:00 बजे** पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

**डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं–**

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक / बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**प्रखण्ड – लापूँग**

लापूँग प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | दरन्दा तालाब | दरन्दा | लापूँग | – | 165 | 0.95 | 2000 |
| 2 | डिम्बा तालाब | डिम्बा | लापूँग | – | – | 0.70 | 2000 |
| 3 | नवाटोली तालाब II | नवाटोली | लापूँग | – | 484 | 0.75 | 1000 |
| 4 | तेतरा तालाब | तेतरा | लापूँग | – | 164 | 0.52 | 1000 |
| 5 | नवाटोली तालाब I | नवाटोली | लापूँग | – | 416 | 0.36 | 800 |
| 6 | रायटोली तालाब | रायटोली | लापूँग | – | 547 | 0.32 | 600 |

**प्रखण्ड – ईटकी**

ईटकी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पुरियो तालाब | पुरियो | ईटकी | 132 | 2251, 2252 | 1.52 | 2400 |
| 2 | तिलकसुती तालाब | तिलकसुती | ईटकी | 47 | 225 | 0.65 | 1000 |
| 3 | पलमा तालाब | पलमा | ईटकी | 7 | 538 | 0.94 | 1200 |
| 4 | गढ़गांव तालाब | गढ़गांव | ईटकी | 204 | 2218 | 1.12 | 1600 |
| 5 | मुकुन्दा बाँध | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 6 | मोरो तालाब | मोरो | ईटकी | 186 | 697 | 1.66 | 8000 |
| 7 | चिनारो तालाब | चिनारो | ईटकी | 36 | 168 | 2.63 | 8000 |
| 8 | मलती तालाब | मलती | ईटकी | 86 | 457 | 0.57 | 800 |
| 9 | भण्डरा टैंक | भण्डरा | ईटकी | 48 | 140 | 3.48 | 3600 |
| 10 | बोड़ेया तालाब | बोड़ेया तालाब | ईटकी | 60 | 522 | 2.48 | 3600 |
| 11 | कुली तालाब 1 | कुली | ईटकी | 195 | 428 | 0.52 | 800 |
| 12 | कुली तालाब 2 | कुली | ईटकी | 195 | 491 | 0.93 | 1400 |
| 13 | मुकुन्दा तालाब 1 | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 14 | चचगुड़ा तालाब | चचगुड़ा | ईटकी | 100 | 498 | 0.69 | 1600 |
| 15 | तुरुगुरु तालाब | तुरुगुरु | ईटकी | – | 820 | 0.35 | 1000 |
| 16 | सेमरा तालाब | सेमरा | ईटकी | 65 | 302 | 1.73 | 1280 |
| 17 | बिन्धानी तालाब | बिन्धानी | ईटकी | 89 | 585 | 0.88 | 1000 |

**प्रखण्ड – रातु**

रातु प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुड्डु तालाब | गुड्डु | रातु | – | – | – | 2000 |
| 2 | परहेपाट तालाब | परहेपाट | रातु | 61 | 170 | 0.24 | 1600 |
| 3 | मालमाड्डु तालाब | मालमाड्डु | रातु | 41 | 467, 466 | 2.70 | 2000 |
| 4 | जाड़ी खिजुर पोखर | जाड़ी | रातु | 177 | 35, 36 | 2.13 | 3200 |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 334049 Fish(24-25)#D

## मानव तस्करी मामले में नाबालिक, महिला, बच्चे तथा 34 मजदूर सहित कई तस्करो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा लोहरदगा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर उनके निर्देशानुसार पुलिस व्याधीक्षक मु0) लोहरदगा के नेतृत्व में आहुत थाना लोहरदगा एवं रेलवे सुरक्षा पदाधिकारी एवं कर्मी के सहयोग से दिनांक 28.08.24 को समय करीब 03 से 04:30 बजे मानव तस्करी की रोकथाम हेतु लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम रेलवे स्टेशन लोहरदगा से मजदूरों को अगरतला (त्रिपुरा) ईटा महा, जॉनपुर उ0प्र0 ईट भट्ठा एवं सासाराम (बिहार) ईट भट्ठा ले जा रहे सात मानव तस्कर 1.बिनोद भगत उम्र-41 वर्ष पिता सुखदेव भगत सा0-रघु टोली लोहरदगा रेलवे स्टेशन के बगल थाना व जिला-लोहरदगा 2.सुरेश असुर उम्र-30 वर्ष पिता स्व0विश्राम असुर सा0-गमहरिया थाना सेरेगदाग जिला-लोहरदगा 3. दिलीप लोहरा उम्र-40 पिता-किशुन सोहरा सा-जाडू करंज टोली बाना सेन्हा जिला-लोहरदगा 4. अंजारूल हक उम्र 23 वर्ष पिता-ताफेजुल हक ता0-आरा थाना-सेन्हा जिला-लोहरदगा 5. सुरेन्द्र गोप उम्र 33 वर्ष पिता-अमरू गोप सा0-पानीलता थाना- सिसई जिला-गुमला 6. जगेश्वर उरांव उम्र 55 वर्ष पिता स्व0 सोहराई उरांव सा0-उपर तुरियाडीह बाना-सेरेंगदाग जिला-लोहरदगा एवं 7. नेपाली उरांव उम्र 42 पिता-भवले उरांव सा0-लदा थाना-पुसो जिला-गुमला के गिरफ्त से अवैध मानव तस्करी करते हुए कुल 34 (चौतिस) मजदूरों को सकुशल बरामद किया गया है।जिसमें से 1.एक बच्ची 10 वर्ष, 2 बालक 13 वर्ष का तथा 3 दो माहिला सहित 34 मजदूर सम्मिलित है। इस दौरान श्री समीर कुमार तिर्की, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), लोहरदगा, पु0अ0नि0 सुमन मिंज थाना प्रभारी आहतु थाना, लोहरदगा, पु0अ0नि रमेश्वर प्रसाद यादव आहतु लोहरदगा,पु0नि रघुवीर सिंह, रेल सुरक्षा बल, लोहरदगा, पु0अ0नि अजीत कुमार, रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, स0अ0नि सैयद रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, हेड कोस्टेबल कार्तिकचन्द पाल, रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, महिला हेड कोस्टेबल कल्पना कुमारी, रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, कोस्टेबल दुबराज उरॉव, रेल सुरक्षा बल, लोहरदगा, कोस्टेबल सुखनाथ हांसदा रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, कोस्टेबल भरत सिंह, रेल सुरक्षा बल लोहरदगा, आरक्षी बेला कंचन बागे, आहतु थाना लोहरदगा के पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

## दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्र सरकार के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की ओर से लोहरदगा जिला के लोहरदगा सदर में आज दिनांक 29/08/2024 दिन गुरुवार को दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक एवम मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी लोहरदगा, कालेन खलखो के द्वारा किया गया। प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा फ़सल में लगने वाले कीट- व्याधियों के प्रबंध में आई. पी .एम. के महत्व को बताया। एवम आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी प्यारी संगा के ने खेती में बीजोपचार के महत्व को बताया एवम प्रक्रिया का प्रदर्शन करके दिखाया एवम आईपीएम में अपनाए जाने वाले व्यहवारिक विधि के बारे किसानों को बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी डॉ. गीता के द्वारा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया,जिसमे मित्र कीटों का पहचान कराया,एवम फसल में लगने वाले कीटों और उनके प्रबंधन पर चर्चा की। तकनीकी सहायक श्री नीतीश कुमार सुमन एवम श्री उमेश कुमार शर्मा के द्वारा यांत्रिक विधियों के बारे में किसानों को फसल सुरक्षा की जानकारी दी।

## डॉ. अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो में 29 अगस्त गुरुवार को एसएमसी अध्यक्ष रीता देवी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री ने चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालय में अधययन रत छात्र-छात्राओं की नित्य शत प्रतिशत उपस्थिति हेतू सभी माननीय एसएमसी सदस्यों की भूमिका अहम है। प्रधानाचार्य ने बैठक में ईको क्लब, रेल प्रोजेक्ट के तहत आयोजित परीक्षा का रिजल्ट, एवं विद्यालय मे लगाये गये पेड़ो की देखभाल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत नवाचार का प्रयोग जैसे अन्यान्य विन्दुओं पर विद्यालय प्रवंधन समिति की मासिक समीक्षा बैठक में आवश्यक चर्चा की गई। आज के उक्त बैठक में एसएमसी अध्यक्ष रीता देवी, प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक आनन्द कुमार दुबे, जितेन्द्र भुषण कुमार, विनीत कुमार, नईम अंसारी, राजेश साहु, संध्या मुक्ति केरकेट्टा, रजनी खोया, अणिमा एक्का, सद्स्य संतोष साहू, विमला देवी इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-3 का दूसरा क्वार्टर फाइनल हुआ समाप्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में चल रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-3 का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। यह मैच आसिफ-11 सबडेगा ओड़िशा बनाम शिव शंकर क्लब झारसुगुड़ा ओड़िशा के बीच अपराह्न 4:00 बजे से प्रखंड मैदान ठेठईटाँगर मे खेला गया, जिसमें आसिफ-11 सबडेगा ने 02:01 गोल से जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस मैच के मुख्य अतिथि ठेठईटांगर पंचायत की मुखिया श्रीमती संगीता मिंज जी रही, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त खेल का शुभारंभ किया। आज इस सीजन का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच सलगाबहार एफसी बनाम न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर ठेठईटांगर के बीच खेला जाएगा।

## अल्मा मेटर के द्वारा मनाया गया स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 29 अगस्त को प्रोजेक्ट छलांग के तत्वधान राजकीय उत्कृमित मद्य विद्यालय टेंसेरा (गोबरधसा) कोलेबिरा में अल्मा मेटर संस्था कि ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया. जिसमें इएलएमएस स्पोर्ट फाउंडेशन, दानी फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन और तैंसेरा स्कूल के शिक्षक और का मत्वपूर्ण सहयोग रहा. इस मौके पर प्रधानाध्यापक उमाशंकर प्रसाद ने अपने उदघाटन सम्बोधन में बताये कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद कि याद में खेल दिवस मनाया जाता हैद्य वही शिक्षक कुमुद बिहारी ने बताये कि शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए खेल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया वहीं अनातोल कुल्लू की ओर से बताया गया की सिमडेगा खेल का जिला है हमारे स्कूल से भी अब विद्यार्थी खेल में नाम रोशन करेगे द्य राष्ट्रीय खेल दिवस में सभी बच्चे भाग लिए और काफ़ी उत्साहित हुए द्य अल्मा मेटर के द्वारा खेल मै विजेता और उपविजेता टीम क़ो मोमेंटो दिया गया और बेस्ट खिलाड़ी सुदर्शन बरला और सुमनती कुमारी क़ो मैडल देकर सम्मानित किया गया। अल्मा मेटर के प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र कंसारी की ओर स्वागत सम्बोधन में बताये कि हमलोग और पंद्रह स्कूल में इस तरह का आयोजन करेंगे। इस खेल दिवस में क़क्छा 6-8 तक के विद्यार्थी क़ो बिल्डिंग बुलडोज़र, पिट्ठू फुटबाल, डॉज हेंडबोल, फन गेम, और 1-5 के विद्यार्थी क़ो चमच रेस फन गेम आदि किया गया द्य इस प्रोग्राम क़ो सफल बनाने में तैंसेरा स्कूल के अध्यापक एवं शिक्षक, अल्मा मेटर संस्था से भूपेंद्र कंसारी, शशि भूषण साहू, दीपक दास, आशा तोपनो का मत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उपायुक्त ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारीयों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की कार्ययोजना व तैयारियों हेतु आवश्यक बैठक आज गुरूवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखण्ड व अंचल अधिकारियों को शिविर को सफल बनाने, अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन किये जाने और शिविर की अच्छी तरह मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त और अपर समाहर्ता को संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग का निदेश दिया गया। पंचायतों के चिन्हित स्थलों में लगने वाले शिविर में प्रत्येक विभाग/योजनाओं का स्टॉल लगाये जाने, आम जनता को स्टॉल की जानकारी के लिए निर्देशिका लगाये जाने, शिविर में



स्टॉल को बेहतर तरीके से सजाये जाने, शिविर स्थल के बारे लोगों को जानकारी दिये जाने आदि का निर्देश दिया गया। प्रखण्डों में कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए वरीय दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन के संभावित कार्यक्रम हेतु विभागवार योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों के वितरण की सूची तैयार किये जाने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीटीओ संजय कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा समेत सभी जिला स्तरीय कार्यालय प्रधान, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का जन जागरण पदयात्रा का हुआ शुभारंभ




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी अपने कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए। गांव की और चलो अभियान की शुरुआत करते हुए ÷जन जागरण यात्रा कुडू प्रखंड के विभिन्न ग्रामों से शुरुआत कर रही है। जिसकी शुरुआत आज सलगी पंचायत चांपी पंचायत,सुंदर पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा करते हुए जन जागरण अभियान चला रही है। जिसमें एलईडी वैन के माध्यम से सरकार के वादों एवं इरादों को बता रही है। जितने वादे सरकार ने किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं कर पाई है। उन एक-एक बातों को जन जागरण के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। आज जो जनता बेरोजगार है सरकार ने 5 लाख प्रत्येक वर्ष नौकरी देने की बात की थी या 5000 बेरोजगारी भत्ता की बात की थी। परंतु इन पांच सालों में ?1 भी नहीं दे पाई यहां तक की कितने बेरोजगार हैं। सरकार के पास सही से उसका डाटा भी नहीं है।महिलाओं के लिए एक से एक वादे की थी आज उसमें भी वह खरा नहीं उतर पाई, इन सब मुद्दों को जनता के बीच आजसू ले जाने का कार्य कर रही है। और एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाने का भी कार्य कर रही है, की वादे कितने झूठे थे। फिर से यह सरकार बड़े-बड़े वादे कर रही है यह सिर्फ चुनाव जीतने के लिए लोगों को वादों और घोषणाओं के जाल में फसाने का कार्य कर रही है, और जनता में भ्रम फैलाकर चुनाव जीतने का कार्य शुरू से करते आई है।

## मोटर साइकिल चोरी के दो आरोपी को गिरिफ्तार कर भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव ईट भट्ठा से अपाची मोटर साइकिल संख्या जे एच 01 ए एन 4386 की चोरी 10 अप्रैल को हो गया था। वही डाडू गांव निवासी अफसर अंसारी की पत्नी रेहाना खातून ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी 29 अगस्त को देते हुए बताया था। कि 10 अप्रैल 2024 को मेरा पति ईट भट्ठा में काम करने गया था। जिसके बाद काम के करने के क्रम में ही मोटर साइकिल की चोरी हो गया था। जिसे अपने स्तर से पता लगाया तो मोटर साइकिल की चोरी उदरंगी निवासी अली हसन अंसारी द्वारा किया गया था। जब मेरा पति अफसर अंसारी मोटर साइकिल की मांग किये तो अलिहसन अंसारी बोला की मोटर साइकिल पहाड़ की तरफ बिक्री किये है। साथ ही यह भी कहा कि आदमी को नही जानते है। जिसपर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए भंडरा थाना क्षेत्र



के उदरंगी गांव निवासी आरोपी मुस्तफा अंसारी का पुत्र अली हसन अंसारी को तथा कलेहेपाट गांव निवासी रूस्तम अंसारी उम्र 57 वर्ष को गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि आवेदन पर कारवाई करते हुए सेन्हा थाना में कांड संख्या 71/24 पर प्राथमिकी दर्ज कर अली हसन अंसारी और सहयोगी रूस्तम अंसारी को जेल भेज दिया गया।

## छात्र छात्राओं को प्रायोगिक गतिविधि के माध्यम से जल संरक्षण की जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक रिसोर्स कक्ष में राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा के छात्र छात्राओं को सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि सीमा तोपनो और उदित कुमार के द्वारा विज्ञान की प्रायोगिक गतिविधियां कराई गई। जिसमें जैव विविधता और वर्षा जल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारीयां दी गई। बच्चों को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से बताया गया की हमारे पारितंत्र को अनुकूल बनाये रखने में जीव जंतुओं की अहम भूमिका होती है। वही धागा का प्रयोग कर बच्चों को खाद्य जल बनाकर दिखाया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया की जिस प्रकार दिन प्रतिदिन जल की कमी से समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में हमें जल को संरक्षित करने की आवश्यकता है। तथा जल संरक्षण पर अच्छी समझ विकसित हेतु बच्चों को वर्षा जल संरक्षण का मॉडल तैयार करवाया गया। वही प्रायोगिक गीतिवधियों में दुर्गेश मुंडा, तमन्ना नाजमी, नैतिक कुमार महतो, वारिश अंसारी, रितिका उरांव, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, कुंती उरांव सहित अन्य छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन, राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी द्वारा खेलाडियों से परिचय प्राप्त करके किया गया। उन्होंने कहा खेल से शारीरिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी भैया बहन को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रतियोगिता में बिस्कुट रेस, कुर्सी रेस, गणित रेस, घड़ा फोड़, दौड़ और कबड्डी जैसे खेल संपन्न हुए। सर्वप्रथम बिस्कुट रेस हुआ जिसमें अमन साहु प्रथम, अल्फा किंडो द्वितीय तथा सकारती उरांव तृतीय स्थान पर रहें। कक्षा चतुर्थ, पंचम और षष्ठ के बीच गणित रेस हुआ जिसमें चतुर्थ कक्षा ने बाजी मारी, प्रथम स्थान अनन्या कुमारी, द्वितीय नीरज उरांव तथा तृतीय स्थान पर अक्षय महली सफल रहें। कुर्सी रेस में सिद्धि कुमारी प्रथम, निखिल राज द्वितीय तथा अरुण महतो तृतीय स्थान पर रहें। कबड्डी में कक्षा नवम और सप्तम की बहने प्रथम रहें। भैया समूह में नवम के भैया कबड्डी में प्रथम रहें। घड़ा फोड़ प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम के मोहित महली प्रथम स्थान पर रहें। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अंकित यादव प्रथम, सुमित लोहरा द्वितीय तथा किशुन उरांव तृतीय रहें। बालिका वर्ग के 200 मीटर के दौड़ में रिया कुमारी प्रथम, तेतरी कुमारी द्वितीय तथा ममता कुमारी तृतीय रहें। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी।

## महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले दो अभियुक्तों को जुर्माने के साथ 20 साल कारावास की सजा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मामला जिले के पेशरार थाना क्षेत्र की है जहां एक महिला को जान से मारने की धमकी देने के जुर्म में काण्ड सं0- 06/23, दिनांक 15.06.2023, धारा-342/376/504/506 भा0द0वि0 के अंतर्गत प्रा0अभि01.सुनिफ अंसारी उम्र करीब 36 वर्ष पिता अलाउद्दीन अंसारी,2.सतार अंसारी पिता खुर्शीद अंसारी दोनों सा0बेटहठ, थाना बगडू, जिला लोहरदगा के विरूद्ध वादीनी के साथ जबरन बलात्कार करना एवं जान मारने की धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।इस मामले के अनुसंधान के कम में प्रा0थ0 अभियुक्त 1 सुनिफ अंसारी उम्र करीब 36 वर्ष, अलाउद्दीन अंसारी के विरूद्ध धारा-342/376/504/506/34 भा0द0वि0 के अंतर्गत आरोप पत्र सं0-20/23 दि0-13/08/023 को न्यायालय में समर्पित किया गया तथा अनुसंधानोपरान्त अन्य प्राथ0 अभि0 2 सतार अंसारी के विरूद्ध धारा-342/376 (डी)/504/506 भा0द0वि0 के अंतर्गत आरोप पत्र सं0-01/24 दि0-03/01/024 को माननीय न्यायालय में समर्पित किया गया है।

## एसपी हरीश बिन जमां ने तत्कालीन एसपी के चालक स्व.राम रतन सिंह की पत्नी को किया 48 लाख का चेक प्रदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने 2019 के घटना का जिक्र करते हुए बताया कि तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रियेदर्शी आलोक के चालक राम रतन सिंह (अभी मृत) की पत्नी सविता देवी एवं आश्रित बच्चों को मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस में माननीय न्यायालय से प्राप्त 48 लाख रूपये का चेक प्रदान किया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने सविता देवी और उनके चारों बच्चों को न्यायालय द्वारा प्राप्त चेक प्रदान किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि कार्यालय के विधि सलाहकार सह अधिवक्ता विवेक कुमार की सराहना करते हुए कहा कि श्री कुमार सौपे गए दायित्वों का निर्वाह काफी लगन और तत्परता के साथ करते हैं। माननीय उच्च न्यायालय में लंबित कई वाद श्री कुमार की मेहनत और बुद्धिमता से इस कार्यालय के पक्ष में निष्पादित किए गए हैं। आज 48 लाख रूपयों का चेक चालक राम रतन सिंह के आश्रितों का मिल सका है यह उनके प्रयास के कारण संभव हुआ है।इस दौरान उन्होंने बताया की विदित दिनांक 18.05.2019 को रात्रि लगभग 11 बजे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक के साथ स्कार्पियो वाहन नं. JH01CV 2667 से रांची से लोहरदगा लौटते समय चालक राम रतन सिंह की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। उक्त स्कार्पियो के आगे एक 407 गाड़ी सं0 JHOIL 3698 तेजी व लापरवाही से चल रही थी जिसपर लदे हुए लोहे के एंगल रॉड गाड़ी के डल्ला से बाहर निकले हुए थे। विलिवर्स चर्च टिकरा टोली नगड़ी के पास 407 गाड़ी का चालक अचानक बिना इंडीकेटर लाईट दिए ब्रेक मारते हुए अपनी गाड़ी दाहिनी ओर मोड़ दिया जिसके कारण उक्त गाड़ी में लदा डल्ला से बाहर निकला हुआ एंगल रॉड स्कार्पियो गाड़ी के आगे दाहिनी तरफ की बॉडी को छेदते हुए चालक रामरतन सिंह के दाहिने सीने में धंस गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। इलाज के क्रम में चालक रामरतन सिंह की मृत्यु रिम्स रांची में हो गयी थी।तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विधि सलाहकार सह अधिवक्ता विवेक कुमार के द्वारा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल लोहरदगा में वाहन मालिक एवं बजाज एलाइंज इंश्योरेंस कंपनी के विरूद्ध एम.ए.सी.सी. केस नं0 72/2019 दायर किया गया था। उक्त केस का विचारण लगभग समाप्त हो चुका था जिसमें दिनांक 13.07.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में इंश्योरेंस कंपनी ने सुलह के आधार पर दावाकर्ता को 48 लाख रूपये चेक निर्गत किया है।

### वोट बैंक की राजनीति का दंश झेल रहा सिमडेगा का सरखुटोली

## कई सालों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर, ग्रामीण बिजली के अभाव में गुजार रहें हैं अंधेरी रातें, ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी से सुनाई अपनी आपबीती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी जन कल्याण की ओर कदम बढ़ाते हुए, ग्रामीणों के बुलावे पर पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत सरखुटोली पहुंची। जहां कई सालों से ट्रांसफार्मर खराब है और ग्रामीणजन बिजली के अभाव में रात के अंधेरे में जिंदगी गुजारने को विवश हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जुलाई 2022 से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। कई जनप्रतिनिधियों को हम सभी ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन के माध्यम से ट्रांसफार्मर खराब होने तथा गाँव मे बिजली बहाल करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन किसी ने हमारी समस्या का निदान नही किया। वोट बैंक की राजनीति का दंश हम ग्रामीण झेलते रहें। 19 सितंबर 2022 को हमलोगों ने बिजली विभाग सिमडेगा को खराब पड़े ट्रांसफार्मर को पहुंचा दिया। गाँव



वालों में विश्वास जगा कि अब हमारे गांव को जल्द हीं नया ट्रांसफार्मर मिल जाएगा, जिससे बिजली की समस्या से निजात मिलेगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। बिजली विभाग के द्वारा भी हमारी समस्या को गंभीरता से न लेने के कारण आज ये दिन देखना पड़ रहा है। आश्वासन देने के सिवाए आजतक बिजली की समस्या का निदान नही हुआ। ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री में एक उम्मीद की किरण देखी और सरखुटोली गांव में बिजली बहाल करने की उम्मीद जताते हुए आवेदन दिया। भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी ने ग्रामीणों से कहा कि जिन नेता, विधायक के चलते आप लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। उन्हें चुनाव के समय सबक अवश्य सिखाएं। मैं आपकी बेटी आपकी समस्याओं के निदान का सारथी बनूँगी। झारखण्ड राज्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में सुदूरवर्ती गाँव तक बिजली पहुंचाने का कार्य जोर-शोर से हो रहा था। मंशा थी कि हमारा एक भी गाँव बिजली से वंचित न रहें। परंतु यदा-कदा कारणों से राज्य में भाजपा की सरकार जाते हीं, गांवों में बिजली बहाल की प्रक्रिया में अंकुश लग गया। हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार में जनता को न हीं मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है और ना हीं ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो रहा है। आप लोग भरोसा रखें, इस बार जनता झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना के रहेगी और डबल इंजन की सरकार में सिमडेगा की जनता और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। *उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बिजली विभाग से संपर्क कर जल्द नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर, गाँव में बिजली बहाल कराने का कार्य करूँगी। इस बाबत ग्रामीणों के चेहरे में खुशी क़ी नई उम्मीद जगी। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी भी उपस्थित थीं। उन्होंने भी ग्रामीणों को भरोसा जताया कि आपकी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शुक्रवार, 30 अगस्त 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड मामले में एक आरोपित हथियार के साथ गिरफ्तार




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड मामले में हत्यारों का सहयोग करने वाले फरार आरोपित खेमलाल कालिन्दी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुगला पहाड़ का रहने वाला है। इसके पास से हत्याकांड में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो अगस्त को सुखदेवनगर स्थित महुआटोली जेरोक्स दुकान के पास दो अज्ञात अपराधकर्मियों के जरिये अधिवक्ता गोपी कृष्ण की चाकू एवं गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। उसके बाद मामले में दोनों अपराधी रोशन मुण्डा और संदीप कालिन्दी को गिरफ्तार किये गया था। दोनों गिरफ्तार अपराधी के जरिये बताया गया कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा के हत्या करने के बाद भागने के क्रम में एक देशी कट्टा एवं गोली खेमलाल कालिन्दी (संदीप कालिन्दी का भाई) को छिपाने के लिए दिये थे। और वह दोनों अपराधी को भगाने में भी सहयोग किया था। इसके बाद से ही पुलिस खेमलाल कालिन्दी को खोज रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि खेमलाल कालिन्दी सिमडेगा के केरसाई थाना क्षेत्र के चिनजोर स्थित अपने जीजा के घर में छिपा हुआ है। सूचना के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सिमडेगा में छापेमारी कर खेमलाल कालिन्दी को गिरफ्तार किया। आगे इनसे देशी कट्टा के बारे में पूछताछ करने पर बताये कि हथियार को अपने घर के पास मुडला पहाड़ में छिपा के रखे है। इसके बाद छापामारी टीम ने सिमडेगा से खेमलाल कालिन्दी को लेकर मुड़ला पहाड़ सुखदेवनगर से देशी कट्टा एवं गोली बरामद किया। इस संबंध में सुखदेवनगर थाना में अलग से आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### धनबाद से कोयंबटूर के लिए स्पेशल ट्रेन चार सितंबर से

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे ने आगामी पर्व और यात्रियों की भीड़ को देखते हुए धनबाद से कोयंबटूर के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चार सितंबर से एक जनवरी तक चलेगी। यह ट्रेन कोडरमा, गया, प्रयागराज, विजयवाड़ा के रास्ते जाएगी। रेलवे की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार ट्रेन नंबर 03325/03326 धनबाद से कोयंबटूर के लिए चार सितंबर 2024 से एक जनवरी 2025 तक हर बुधवार को रवाना होगी। वहीं, कोयम्बतूर से सात सितंबर से चार जनवरी 2025 तक हर शनिवार को धनबाद के लिए खुलेगी।

## गारू प्रखंड के रुद पंचायत में धराशाई हुआ विकसित भारत का सपना

# चुआं का गंदा पानी पीने को विवश हैं 4000 लोग

### रुद पंचायत में न बिजली, न शुद्ध पेयजल और न ही मोबाइल का नेटवर्क

**रंजीत कुमार @ प्रभात मंत्र**

**गारु (लातेहार)** : सरकार भारत देश को डिजीटल इंडिया बनाने पर जोर दे रही है,लेकिन गुमला जिला से सटे लातेहार जिला का अति नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती गारु प्रखण्ड के रुद पंचायत के आधा दर्जन गांव में विकसित भारत का सपना धराशाई होता नजर आता है। यहां के लोग आजादी के 75 वर्षो बाद भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। गारू प्रखण्ड के रूद पंचायत अंतर्गत बिजयपुर, पंडरा, गुटुआ, हुरहुर करचा, गोपखांड़ समेत आधा दर्जन गांव में रहनेवाले करीब चार हजार लोग अभी तक चुआं का गन्दा पानी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इन गांवों में पीने के लिए न तो शुद्ध पानी की व्यवस्था है और न ही बिजली व्यवस्था है। वहीं, इन क्षेत्रों में किसी प्रकार का मोबाइल नेटवर्क तक नहीं है, जिससे यहां के लोग देश-दुनिया की खबरों से अपने को बेखबर पाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट पाने के लिए नेता, मंत्री एक से बढ़कर एक वादों का ढिंढोरा पीटते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद हमारी सुधि लेनेवाला कोई नहीं होता है। ग्रामीण प्रतिमा एक्का, जेनवारियुस टोप्पो, जॉर्ज मार्टिन खलखो, मार्टिन कुजूर, इशहाक टोप्पो, क्लारा खलखो, तरसियुस लकड़ा,भादवा किसान, खदरी देवी,बालदेव



किसान, बन्धन साय नगेशिया समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। गांव में एक जलमीनार था तो वह भी एक साल से खराब पड़ा हुआ है। नतीजतन, हमलोगों को चुआं का गंदा पानी पीना पड़ता है, जिससे लोग बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं। जबकि सरकार द्वारा घर घर नल जल की व्यवस्था कराने योजना बनाई है लेकिन गाँव में नल तो लगा लेकिन पानी नही है जिससे और भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिससे मजबूर हो कर नदी और चुआ का पानी पीना पड़ता है।विजयपुर गांव में खंभे और मीटर तो लगे, नहीं मिली बिजली ग्रामीण प्रतिमा एक्का, जेनवारियुस टोप्पो, जॉर्ज मार्टिन खलखो, मार्टिन कुजूर, इशहाक टोप्पो, क्लारा खलखो, तरसियुस लकड़ा, भादवा किसान, खदरी देवी, बालदेव किसान, बन्धन साय नगेशिया समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में आज तक हमें मूलभूत सुविधाएं नहीं बहाल हुई हैं, जिससे हमलोगां को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजयपुर गांव में सभी जगह करीब चार साल पहले बिजली ट्रांसफार्मर, खंभे और तार लगाए गए थे, जिसमें सिर्फ आठ घर में ही बिजली मीटर लगाया गया है। इसके बाद भी इस गांव में आज तक बिजली नहीं आई।

#### बगैर बिजली जलाए विभाग दे रहा है बिजली बिल

हुरहुर करचा गांव में बिजली का खंभा तो लगा है, लेकिन अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है और घर-घर में बिजली मीटर बोर्ड लगा दिया गया है। वहीं, गुटुआ गांव में अभी तक किसी प्रकार का बिजली विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लाइट नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जिससे हमारे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। लोगों ने बताया कि चार साल पहले कहीं-कहीं बिजली का कार्य किया गया था, लेकिन उस स्थान पर भी आज तक बिजली नहीं आई, लेकिन बिजली विभाग द्वारा बिना बिजली दिए ही घर-घर जाकर बिजली बिल थमा कर पैसा जमा करने के लिए दबाव बनाया जाता है, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

जल्द ही पंचायत की समस्या का समाधान के लिए जिले के उपायुक्त के समक्ष बात रखूंगा।

अजय टोप्पो मुखिया, रूद

### कांग्रेस समाज को जोड़ने की राजनीति करती है तोड़ने की नहीं : केशव महतो कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत लोहरदगा और गुमला जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज आपको यह संकल्प लेना है कि आप दल में सारी गुटबाजों को परे रखकर आगामी चुनाव की तैयारी करेंगे। आपको किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि कांग्रेस का सिपाही बनकर चुनावी रण में उतरना है। आने वाली भावी पीढ़ी को कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों को जानने की जरूरत है कि कांग्रेस समाज को जोड़ने की राजनीति करती है तोड़ने की नहीं। हम उस कांग्रेस के सदस्य हैं जिसका इतिहास शहादतों से भरा पड़ा है, इस गौरवशाली इतिहास को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। जिस तरह से खून पसीने से सींचकर लोहरदगा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत बनाया गया है। उसी मेहनत के साथ संगठन हित में काम करना है। जब तक हम पंचायत,प्रखंड बूथ,अध्यक्षों को सम्मान नहीं देंगे। हमारा संगठन मजबूत नहीं हो पाएगा। बूथ कमिटी संगठन का मेरुदंड है। कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन की नीतियों सिद्धांतों के साथ-साथ सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के पास लेकर जाना है। मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं।

## जियर स्वामी का दर्शन हम सबों के लिए सौभाग्य : अरुणा शंकर

### कहीं बेटी की तरह प्यार मिला तो कहीं बहू की तरह आशीर्वाद

### ब्राह्मणों के आशीर्वाद के बिना कोई भी यज्ञ पूर्ण नहीं होता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सिंगरा, बारालोटा,जोड़ व खनवा का सघन दौरा कर कई विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात करते हुए आशीर्वाद लिया और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीताने का अनुरोध किया। प्रथम महापौर ने बताया कि मैं जहां-जहां भी गई वहां लोगों ने मुझे बेटी का प्यार दिया और कहीं बहू के रूप में आशीर्वाद प्रदान किया। प्रथम महापौर ने सबों से मिलने के बाद संध्याआरती के वक्त श्री श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य स्वामी श्री जीयर जी का दर्शन करने पूजा



स्थल पर जाकर स्वामी का आशीर्वाद लिया। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि इतने बड़े स्वामी हमारे नगर में 4 महीने के लिए प्रवास कर रहे हैं। जरूर उनके आशीर्वाद से हमारे नगर का कल्याण होगा। हम नगर वासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में उनका दर्शन करें। यह सौभाग्य हमेशा नहीं मिलने वाला है।

दर्शन के उपरांत स्वामी की सेवा में लगे सारा कार्य भार देख रहे बड़े भाई विजय सिंह ने हम लोगों को प्रसाद ग्रहण करने को दिया। जिसे हम सबों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर जितेंद्र तिवारी, गुड्डू तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, आनंद तिवारी,अजीत तिवारी, सुनील पांडेय, सुनील तिवारी, शुभम तिवारी एवं काफी संख्या में प्रथम महापौर के साथ लोग उपस्थित थे।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया 20 यात्री शेड का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर विधायक निधि से निर्मित 20 यात्री शेड का उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के तिलदाग मोड़ पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर यात्री शेड का उद्घाटन किया। उद्घाटन किए गए यात्री शेड में गढ़वा प्रखंड के तिलदाग मोड़ पर निर्मित यात्री शेड, एसआईएस मोड़ बेलचंपा, डेंटल कॉलेज मोड़ फरठिया, ब्रह्म स्थान चिरौंजिया, लोटो स्टैंड, नावाडीह तीनमुहान, कोटवारी मोड़ कल्याणपुर, मेराल प्रखंड में पेसका ऑफिस बस स्टैंड, ओखरगाड़ा मोड़, रंका प्रखंड में रंका थाना मोड़ बस स्टॉप, रंका चेकनाका के समीप, एनएच 343 असान मोड़ मिशन स्कूल के समीप विश्रामपुर, एनएच 343 खुथुआ मोड़ के समीप, 22 प्लॉट यूट्यूब मोड़ के समीप, गोदारमना सागर मोड़ के समीप, चिनियां प्रखंड में ग्राम रणपुरा बाजार में, ग्राम डोल बाजार में, रामकंडा प्रखंड में रामकंडा ब्लॉक के सामने, बिराजपुर हाई स्कूल के समीप तथा डंडा प्रखंड में डंडा बाजार में निर्मित यात्री शेड शामिल है।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसमें कि जनसरोकार के बेहतर कार्य नहीं हुए हों।प्रत्येक गांव में बेहतर सड़क निर्माण, निर्बाध बिजली आपूर्ति, शिक्षा, चिकित्सा, गांव-गांव में हाई मास्ट लाइट आदि सहित आवश्यकता वाले स्थानों पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक साथ 20 यात्री शेड का निर्माण कराया गया है।मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास की रेल चल चुकी है, अब विरोधियों और बहुरूपियों का खेल नहीं चलेगा।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, फुजैल अहमद, भागीरथी सिंह, मुखिया रविंद्र राम, राकेश बैठा, दिनेश बैठा, सतेंद्र राम, प्रभा देवी, रामचंद्र यादव, उदय सिंह, उमेश राम, ताहिर अंसारी, सुनील राम, शबनम बीबी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




### आजसू नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू के प्रयास से पेयजल की अधूरी योजना होगा पूर्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : चैनपुर के निकटवर्ती रामगढ़ प्रखंड के नावा चरघरवा टोला में पेयजल की अधूरी योजना अब पूर्ण होगी। योजना पूर्ण होने से लगभग 40 घरों में पेयजल आपूर्ति संभव हो सकेगी। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। कहा कि वे पिछले 4 अगस्त को रामगढ़ प्रखंड के चोरहट पंचायत स्थित नावा चरघरवा टोला गांव में जनसंपर्क किया था। जनसंपर्क के दौरान अर्ध निर्मित सौर ऊर्जा संचालित जलापूर्ति योजना को अधूरा पाया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उनसे की थी। कहा कि वे ग्रामीणों को आस्वस्त किए थे कि वे प्रयास करते हैं कि अधूरी पड़ी योजना को चालू कराया जा सके। कहा कि वे 24 अगस्त को पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता से मिलकर गांव की स्थिति व योजना अधूरी होने की पूरी जानकारी दी। साथ ही योजना को हर हाल में पूर्ण कराने का आग्रह किया।

## 75 वें वन महोत्सव कार्यक्रम में सांसद वीडी राम ने किया वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सदर प्रखंड अंतर्गत जोरकट (दुबियाखाड़) में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा आयोजित 75 वें वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया एवं लोगों को वृक्षों के महत्व को समझाते हुए वृक्षारोपण करने हेतु अनुरोध किया. श्री राम ने वृक्षों के महत्व को बताते हुए मत्स्य पुराण में वर्णित एक श्लोक के अर्थ को बताते हुए कहा कि

''एक जलकुंड दस कुएँ के समान होता है, एक तालाब दस जलकुंड के समान होता है, एक पुत्र का दस



तालाब जितना महत्व है और एक वृक्ष का दस पुत्रों जितना महत्व है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये गए अभियान एक वृक्ष मां के नाम से जुड़कर वृक्षारोपण करने का अनुरोध किया.उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण फोटो खिंचवाने या सिर्फ सेल्फी लेने के लिए न करे। बल्कि उनकी समय-समय पर देखभाल की भी जिम्मेवारी लें। ताकि लगाया गया पौधा मरे नहीं. मौके पर श्री राम ने बताया कि वृक्षों और जंगलों के दोहन और बढ़ रहे औद्योगिक क्षेत्र से प्रति वर्ष गर्मी में बेहताशा वृद्धि हो रही है। यही परिस्थिति रही तो वो दिन दूर नहीं जब लोग अत्यधिक गर्मी और पीने के जल की कमी से त्राहिमाम करते नजर आएंगे.उन्होंने वैश्विक स्तर की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वर्मिंग को भी पेड़-पौधों की कमी को ही बताया.मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी पलामू सत्यम कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य वासो देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि पोलपोल भरदुल सिंह, मुखिया पति कौड़िया रविन्द्र सिंह,सांसद के निजी सचिव अलख दुबे,भाजपा नेता अभय सिंह,संदीप सिंह,कौशल झा आदि मौजूद थे.

